रोहतक

बुधवार, 30 जुलाई 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 180
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**

अधि. 35.7
न्यून. 24.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़ौतरी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,337.95 | 446.93 ▲ |
| निफ्टी | 24,821.10 | 140.20 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 97,820/- | 200/- ▼ |
| चांदी | 1,13,000/- | ...... |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.82 | 12 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 70.36 बैरल | 0.46% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में आज और कल एचटेट की परीक्षा

**भिवानी।** हरियाणा में 30 और 31 जुलाई को अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) की परीक्षा होगी। इसको लेकर 30 जुलाई को एग्जाम सेंटर वाले स्कूलों में छुट टी रहेगी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने इसे लेकर आदेश जारी किए हैं। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को कहा गया है कि वह इसे सुनिश्चित करें। 31 जुलाई को शहीद उधम सिंह बलिदान दिवस को लेकर सरकारी छुट टी है। एचटेट परीक्षा के लिए लिए प्रदेशभर में 673 एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं, जिसमें 4 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे। लेवल-3 (पीजीटी) का एग्जाम 30 जुलाई को शाम 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक होगी। लेवल-2 (टीजीटी) का एग्जाम 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से साढ़े 12 बजे और शाम 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक लेवल-1 (पीआरटी) का एग्जाम होगा।

### भारत ने मिसाइल 'प्रलय' का परीक्षण किया

**बालासोर/नई दिल्ली।** भारत ने पारंपरिक युद्ध सामग्री ले जाने में सक्षम नयी विकसित सामरिक मिसाइल 'प्रलय' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मिसाइल का परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट के पास 'एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप' से किया गया। 'प्रलय' एक कम दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी 'पेलोड' क्षमता 500 से 1,000 किलोग्राम तक है।

*(विस्तृत पेज-8 पर)*

### सिंगर मासूम शर्मा पर चंडीगढ़ में एफआईआर



**चंडीगढ़।** हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा के खिलाफ चंडीगढ़ में एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी में लाइव शो के दौरान गाना 'चंबल के डाकू' गाया। इस गाने पर यूट्यूब पर 250 मिलियन से ज्यादा व्यूज थे। सरकार ने इस गाने को बैन किया हुआ है। इसी शो में यूनिवर्सिटी के एक सेकेंड ईयर के विद्यार्थी आदित्य की पीट-पीटकर हत्या भी कर दी गई थी।

### हरियाणा में एक से लागू होंगे नए कलेक्टर रेट

**चंडीगढ़।** हरियाणा में एक अगस्त से नए कलेक्टर रेट लागू होंगे। राजस्व विभाग ने प्रदेश के सभी मंडल आयुक्तों और जिला उपायुक्तों को पत्र लिखकर 1 अगस्त 2025 से 2026 तक लागू होने वाले नए कलेक्टर रेट लागू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। अब 2025-26 के लिए पहली अगस्त से नए कलेक्टर रेट के हिसाब से जमीन की रजिस्ट्रियां होंगी। 31 दिसंबर तक पुराने सर्किल रेट के अनुसार रजिस्ट्रियां होंगी। नई दरें लागू होने से हरियाणा में जमीनों की खरीद-फरोख्त महंगी हो जाएगी। नए कलेक्टर रेट को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में पिछले दिनों बैठक भी हुई थी लेकिन कलेक्टर रेट में संशोधन को स्थगित कर दिया गया था।

# ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में 16 घंटे सरकार और विपक्ष के बीच 'वार-पलटवार', चले जुबानी तीर

### मोदी बोले-दुनिया के किसी नेता ने जंग नहीं रुकवाई

# पाकिस्तान के डीजीएमओ ने गुहार लगाई तब 'ऑपरेशन सिंदूर' रोका

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में यह स्पष्ट किया कि दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने के लिए नहीं कहा। उन्होंने लोकसभा में, ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए यह भी कहा कि भारत ने ''पाकिस्तान की नाभि पर'' वार किया है। ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में 16 घंटे तक बहस हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर करारा प्रहार किया और कहा कि इस अभियान के दौरान पूरी दुनिया का समर्थन मिला, लेकिन जवानों के पराक्रम को मुख्य विपक्षी दल का समर्थन नहीं मिला। उन्होंने कहा, ''दुनिया के किसी भी नेता ने हमें ऑपरेशन (सिंदूर) रोकने के लिए नहीं कहा।'' पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से हमला रोकने की गुहार लगाई थी, क्योंकि वो हमारा हमला नहीं झेल पा रहा था।' प्रधानमंत्री ने कहा, ''22 अप्रैल के बाद मैंने सार्वजनिक रूप से कहा था कि यह हमारा संकल्प है कि हम आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे। सजा उनके आकाओं को भी मिलेगी...और ऐसी सजा मिलेगी जो कल्पना से भी बड़ी होगी।'

*(पेज-5 भी देखें)*

**भारत ने पाकिस्तान की नाभी पर वार किया। हमारा संकल्प है कि आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे**

**ऑपरेशन सिंदूर जारी है। पाक ने दुस्साहस किया तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा।**

## सेना को कार्रवाई की खुली छूट दी गई

### आतंकियों को ऐसी सजा दी कि उनके आकाओं की नींद उड़ी हुई है, भारत किसी के सामने नहीं झुकेगा



पीएम मोदी ने संसद में कूटनीति, विदेशनीति, सिंधु जल समझौता, करतारपुर साहिब, ट्रंप के दावे और ऑपरेशन सिंदूर जैसे कई मुद्दों पर कांग्रेस के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, ''22 अप्रैल को मैं विदेश में था। वहां से लौटने के तुरंत बाद मैंने एक बैठक बुलाई। उस बैठक में मैंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आतंकवाद को करारा जवाब देना होगा, और यह हमारा राष्ट्रीय संकल्प है।'' मोदी ने कहा, ''सेना को कार्रवाई की खुली छूट दी गई। हमें गर्व है, आतंकियों को वो सजा दी कि आज भी आतंक के उन आकाओं की नींद उड़ी हुई है।'' उन्होंने कहा कि भारत ने सिद्ध कर दिया है कि 'न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग' अब नहीं चलेगी, और न ही इसके सामने झुकेगा। उन्होंने कहा, ''22 अप्रैल को पहलगाम में जिस प्रकार की क्रूर घटना हुई, जिस तरह आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों से धर्म पूछकर गोलियां चलाईं, यह क्रूरता की पराकाष्ठा थी। मैं आज देशवासियों का धन्यवाद करता हूं कि देश ने एकता के साथ उस साजिश को नाकाम कर दिया।'

### राहुल बोले-ट्रंप ने 29 बार क्यों कहा, मैंने युद्ध विराम करवाया

# पीएम कहें, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप झूठे हैं

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में इंदिरा गांधी का ''50 प्रतिशत भी साहस'' है तो उन्हें सदन में बोलना चाहिए कि भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का दावा करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने असत्य बात कही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने 36 मिनट भाषण दिया। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि सरकार में राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं होने के कारण विमानों का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति ने 29 बार कहा है कि उन्होंने युद्धविराम कराया है। अगर वह गलत हैं तो प्रधानमंत्री यहां सदन में कहें कि ट्रंप असत्य बोल रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री में इंदिरा गांधी की तरह साहस है तो वह यहां पर कह दें कि ट्रंप झूठे हैं।'

**इंदिरा गांधी की तरह 50 फीसदी भी दम है तो कहें कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत का एक भी फाइटर जेट नहीं गिरा**



### विपक्ष सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़ा रहेगा

राहुल ने कहा कि इस सदन के हर व्यक्ति ने पाकिस्तान की निंदा की। ऑपरेशन सिंदूर के शुरू होते ही सभी विपक्षी दलों ने फैसला किया कि हम अपने सशस्त्र बलों और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''हमें गर्व है कि विपक्ष के रूप में हम उस तरह से एकजुट रहे, जैसे होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''जब सशस्त्र बलों के लोगों से हाथ मिलाते हैं तो पता चलता है कि हिंदुस्तान की सेना का आदमी है। पता चलता है कि टाइगर है।''

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीएम मोदी और ट्रंप की कोई बातचीत नहीं हुई : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत द्वारा चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। रक्षा मंत्री ने उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष की एक टिप्पणी के बाद चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि वह इस बात को फिर दोहराना चाहते हैं कि किसी के दबाव में ऑपरेशन सिंदूर स्थगित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर यदि स्थगित किया गया है तो ऐसा पाकिस्तान के डीजीएमओ (सैन्य अभियान महानिदेशक) और पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व के कहने पर हुआ है। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने अनुरोध किया था कि आप (भारत) ऑपरेशन को रोकिए। समाप्त करिए।'' सिंह ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं किया गया है, स्थगित किया गया है। पाक ने आगे भी हिमाकत की तो उसका जवाब दिया जाएगा।



रक्षा मंत्री ने उच्च सदन में रखा पक्ष **किसी के दबाव में ऑपरेशन सिंदूर स्थगित नहीं किया**

### पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकी ढेर किए गए : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले तीन आतंकवादी 'ऑपरेशन महादेव' के तहत मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। उन्होंने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए यह जानकारी दी। शाह ने कहा, ''मैं सदन के माध्यम से, कल हुए 'ऑपरेशन महादेव' की जानकारी पूरे देश को देना चाहता हूं। कल 'ऑपरेशन महादेव' में सुलेमान, अफगान और जिब्रान नाम के तीन आतंकवादी...सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में मारे गए।' गृह मंत्री ने कहा, ''आज मैं सदन को यह बताते हुए बहुत खुश हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों के आकाओं को जमीन में मिलाने का काम किया था और सेना एवं सीआरपीएफ ने उन आतंकवादियों को भी समाप्त कर दिया।'' शाह ने कटाक्ष करते हुए कहा, ''मुझे अपेक्षा थी कि जब ये (विपक्ष) पहलगाम हमले के आतंकवादियों के मारे जाने की खबर सुनेंगे तो खुशी की लहर दौड़ जाएगी, लेकिन इनके चेहरे तो फीके पड़ गए।



ऑपरेशन महादेव चला दहशतगर्दों को मार गिराया **आतंकियों के आकाओं को जमीन में मिलाया**

### गृह मंत्री शाह को अपनी नाकामी स्वीकार करनी चाहिए : गोगोई

कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें राजधर्म के सिद्धांत का पालन करने के साथ पहलगाम हमले की नाकामी स्वीकार करनी चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने सदन में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह और राहुल गांधी के कारण पहलगाम आतंकी हमला नहीं हुआ, बल्कि वर्तमान सरकार की विफलता के कारण हुआ। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्वीकार किया है कि सुरक्षा चूक हुई, लेकिन शाह ने इसे स्वीकार करने की हिम्मत भी नहीं की।



पहलगाम हमला नेहरू या इंदिरा ने नहीं करवाया **आप को राजधर्म का पालन करना चाहिए**

### सरकार पहलगाम आतंकी हमले के लिए जवाबदेही तय करे : खरगे

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लिए जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मांग की कि 1999 में कारगिल घटना की जांच के लिए गठित समीक्षा समिति की तर्ज पर समिति गठित की जाए। जिस प्रकार कारगिल समीक्षा समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक की गयी थी, उसी प्रकार पहलगाम समीक्षा समिति की रिपोर्ट भी सार्वजनिक की जाए। उन्होंने कहा कि उनका मकसद किसी पर अंगुली उठाना नहीं बल्कि गलतियों से सबक लेने का है ताकि गलतियों को दूर किया जा सके। पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम की घोषणा भारत ने नहीं बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की।



हमारा मकसद किसी पर उंगली उठाना नहीं **संघर्ष विराम की घोषणा डोनाल्ड ट्रंप ने की**

### देश में संभवतः ऐसा पहला मामला

## सीए ने मुंह में हीलियम गैस भरकर की आत्महत्या

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** चार्टर्ड अकाउंटेंट ने मुंह में हीलियम गैस भरकर आत्महत्या कर ली। वह दिल्ली के बाराखंबा स्थित फ्लैट में मृत पाया गया। सीए की पहचान करनाल के सालवन गांव के रहने वाले धीरज (25) कंसल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, धीरज गुरुग्राम के पास दिल्ली के महिपालपुर में पीजी में रहता था। उसी फ्लैट में उसने 27 जुलाई को आत्महत्या कर ली। धीरज की लाश बिस्तर पर पड़ी थी। उसके मुंह में हीलियम गैस सिलेंडर की पाइप लगी हुई थी। उसने चेहरे पर मास्क लगाया था और उसे प्लास्टिक से ढका हुआ था, जिसे गर्दन के पास बांध दिया गया था। पास में ही सिलेंडर, मास्क और गैस मापने का उपकरण पड़ा था। उसने पाइप से अपने मुंह में हीलियम गैस भरी, जिससे उसकी मौत हो गई। कमरे में से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने लिखा है- मेरी मौत पर किसी को परेशान न किया जाए। मुझ पर किसी की जिम्मेदारी नहीं थी। जिंदगी में जितने इंसान मिले उन सभी ने बहुत अच्छा व्यवहार किया है।

**सुसाइड नोट में लिखा-मेरी मौत पर किसी को परेशान न करें**

## विधानसभा में हारी 42 सीटों पर भाजपा का फोकस, दिग्गजों की लगाई ड्यूटी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की अहम बैठक उनके सरकारी आवास पर हुई। बैठक के दौरान पार्टी के प्रमुख नेता, सभी विधायक और मंत्री मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, ऊर्जा मंत्री अनिल विज, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा सहित सभी मंत्री मौजूद थे। इस दौरान सीएम और भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने विधायकों के हलकों से संबंधित विकास योजनाओं पर चर्चा की। विधानसभा की 90 में से जिन 42 सीटों पर भाजपा को सफलता नहीं मिली, वहां पर विपक्षी हलकों में भाजपा-मंत्रियों विधायकों को जिम्मा सौंपा गया है ताकि आने वाले वक्त में वहां पर भाजपा मजबूत हो सके। विधायकों और मंत्रियों को साथ लगते जिलों के हलकों की जिम्मेदारी दी गई है। हलकों में स्थानी लोगों की राय और आने वाले वक्त के लिए फीडबैक लेने के साथ ही विधायकों, पूर्व विधायकों, मंत्री, संगठन पदाधिकारियों की डयूटी भी लगा दी गईं हैं, ताकि जवाबदेही बनी रहे।



सीएम सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक **नेताओं को फील्ड में जाकर काम करने की दी हिदायत**

### इन्हें सौंपी जिम्मेदारी

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को नारायणगढ़ हलके की जिम्मेदारी दी गई है, साथ ही मंत्री डॉ अरविंद शर्मा को गढ़ी सांपला किलोई, मंत्री रणबीर गंगवा को फतेहाबाद की जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री विपुल गोयल को रोहतक प्रभारी, जबकि हांसी विधायक विनोद भयाना को फतेहाबाद, कालका की विधायक शक्तिरानी शर्मा को साढ़ौरा विस की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा भी जिम्मा दिया गया है लेकिन प्रदेशाध्यक्ष ने अलग से इसकी सूची जारी करने की बात कही है।

## डी ग्रुप के लिए भी होगा जल्द सीईटी एग्जाम : हिम्मत सिंह



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा ग्रुप सी सीईटी परीक्षा के बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग जल्द ही ग्रुप डी लेवल सीईटी परीक्षा कराने की तैयारी में हैं। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने अभ्यर्थियों से अपने दस्तावेज तैयार रखने के लिए भी कहा है। एचएसएससी चेयरमैन हिम्मत सिंह ने ताजा अपडेट देते हुए बताया है कि आयोग ने सीईटी 2025 ग्रुप डी प्रक्रिया शुरू कर दी है। हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन द्वारा ग्रुप सी सीईटी परीक्षा 27 और 28 जुलाई को सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी है। हाल ही में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग चेयरमैन हिम्मत सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ग्रुप डी को लेकर जानकारी दी है। आयोग ने वीडियो भी साझा किया है। इसमें लिखा है 'सीईटी 2025 ग्रुप डी के सभी भावी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि अपने सभी जरूरी दस्तावेज और प्रमाणपत्र तैयार रखें ताकि रजिस्ट्रेशन के समय किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।' आयोग ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया कि वे पंजीकरण दूसरों से करवाने की बजाय स्वयं करें, जिससे गलती होने की संभावना कम होगी।

# बिहार में मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाते हैं तो हम हस्तक्षेप करेंगे : शीर्ष कोर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक प्राधिकरण है और इसे कानून के अनुसार कार्य करने वाला माना जाता है, लेकिन बिहार में यदि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में निर्वाचन आयोग की एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार करने के लिए समयसीमा तय करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर सुनवाई 12 और 13 अगस्त को होगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने एक बार फिर आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा एक अगस्त को प्रकाशित की जाने वाली मसौदा सूची से लोगों को बाहर रखा जा रहा है, जिससे वे मतदान का अपना महत्वपूर्ण अधिकार खो देंगे। भूषण ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने एक बयान जारी कर कहा है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 65 लाख लोगों ने गणना प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, क्योंकि वे या तो मृत हैं या स्थायी रूप से कहीं और स्थानांतरित हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन लोगों को मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फिर से आवेदन करना होगा।



### एसआईआर को लेकर सुनवाई

*कोर्ट ने कहा-आप ऐसे 15 लोगों को लेकर आइए जिन्हें मृत बताया लेकिन वे जिंदा हैं। याचिका में दावा, 65 लाख मतदाता प्रारंभिक सूची में शामिल नहीं होंगे।*

### निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक प्राधिकरण

इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''भारत का निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक प्राधिकरण है और यह इसे कानून के अनुसार कार्य करने वाला माना जाता है। यदि कोई गड़बड़ी होती है, तो आप अदालत का ध्यान उस ओर आकर्षित करें, हम आपकी बात सुनेंगे।'' न्यायमूर्ति बागची ने भूषण से कहा, ''आपको आशंका है कि ये लगभग 65 लाख मतदाता प्रारंभिक सूची में शामिल नहीं होंगे। अब निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में सुधार की प्रक्रिया कर रहा है। हम एक न्यायिक प्राधिकरण के रूप में इस प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। यदि बड़े पैमाने पर नामों को हटाया जाता है, तो हम तुरंत हस्तक्षेप करेंगे। आप ऐसे 15 लोगों को लेकर आइए, जिन्हें मृत बताया गया है, लेकिन वे जीवित हैं।''

**लापरवाही** हाईकोर्ट ने कहा-पुलिस बल में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं


*एक सप्ताह की छुट्टी लेकर गया था वापस ही नहीं लौटा, हाईकोर्ट में याचिका खारिज*

# ड्यूटी से 300 दिन गैरहाजिर कांस्टेबल की सेवा समाप्ति को हाईकोर्ट ने सही ठहराया

### काला जादू से उपचार की बात कही, यह बर्दाश्त नहीं कर सकते

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पुलिस कांस्टेबल को सेवा से बर्खास्त किए जाने के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि एक अनुशासित बल में किसी भी तरह की लापरवाही या अनुशासनहीनता को स्वीकार नहीं किया जा सकता। संबंधित कांस्टेबल अरशद, हरियाणा पुलिस में 2012 में शामिल हुआ था और 2023 में एक सप्ताह की छुट्टी लेकर गया था, लेकिन वह फिर 300 से अधिक दिनों तक बिना अनुमति ड्यूटी पर नहीं लौटा। कोर्ट को बताया गया कि मेवात निवासी अरशद ने अपनी गैरहाजिरी को उचित ठहराने के लिए कुछ चिकित्सा दस्तावेज पेश किए, जिनमें से कुछ में काला जादू से उपचार की बात एक तांत्रिक के ज़रिए कही गई थी। इस पर जस्टिस जगमोहन बंसल ने टिप्पणी करते हुए कहा, याचिकाकर्ता एक अनुशासित बल का हिस्सा था और उसे नियमों का कठोरता से पालन करना चाहिए था। सशस्त्र बल किसी भी अनुशासनहीन सदस्य को बर्दाश्त नहीं कर सकते।

### एक सितंबर 2023 को निलंबित किया गया



याचिकाकर्ता ने याचिका दाखिल कर चार्जशीट, शोकाज नोटिस, बर्खास्तगी आदेश और अपील व पुनरीक्षण खारिज करने के आदेशों को चुनौती दी थी। अरशद 6 अप्रैल 2012 को कांस्टेबल के रूप में शामिल हुए थे। लेकिन जनवरी 2023 में एक सप्ताह की छुट्टी पर जाने के बाद उन्होंने ड्यूटी ज्वाइन नहीं की। इसके चलते एक सितंबर 2023 को उन्हें निलंबित कर दिया गया।

### अनुपस्थित रहने का रिकार्ड बनाया

जांच में यह भी सामने आया कि अरशद ने 12 वर्षों की सेवा में 42 बार ड्यूटी से अनुपस्थित रहने का रिकार्ड बनाया था। इसके चलते उनके 19 वेतन वृद्धि स्थायी रूप से रोक दिए गए थे और उन्हें चार बड़ी सज़ाएं दी गई थीं। अरशद ने जादू-टोना जैसे असंगत कारणों के आधार पर मेडिकल दस्तावेज प्रस्तुत किए। जस्टिस जगमोहन बंसल ने कहा कि ऐसी स्थिति में याचिकाकर्ता के आचरण को 'गंभीरतम कदाचार' माना जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### हरको बैंक ने ऋणों पर प्रोसेसिंग फीस व दस्तावेज शुल्क माफ किया

**चंडीगढ़।** हरको बैंक के प्रबंध निदेशक सीईओ डॉ. प्रफुल्ल रंजन ने कहा कि हरको बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए 31 अगस्त तक सभी प्रकार के ऋणों पर प्रोसेसिंग फीस व दस्तावेज शुल्क माफ कर दिए हैं। बैंक द्वारा ग्राहकों को सिब्बल स्कोर के आधार पर बहुत कम ब्याज दर पर गृह ऋण 7.50 प्रतिशत, वाहन ऋण 7.75 तथा व्यक्तिगत ऋण 10 प्रतिशत वार्षिक दर पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। ग्राहक इस अवधि के दौरान बैंक की किसी भी शाखा से ऋण प्राप्त करने हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। हरको बैंक सदैव जनहित में कार्य करता है। डॉ. प्रफुल्ल रंजन सोमवार को चंडीगढ़ में हरियाणा के सभी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के महाप्रबंधकों और विकास अधिकारियों के लिए आयोजित बिजनेस मीट को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान महाप्रबंधक रमेश पुनिया, उप महाप्रबंधक उर्वशी गुप्ता, सुधा शर्मा, सुनील पातड, प्रबंधक यशवीर सिंह मौजूद रहे।

### सीएम सैनी ने घोषणाओं की प्रगति समीक्षा बैठक ली, दिए निर्देश

# जहां आबादी ज्यादा है, वहां फायर स्टेशन बनाएं, दो महीने में बेसहारा गोवंशों को गोशालाओं में पहुंचाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण हरियाणा में अग्निशमन केंद्रों की आवश्यकता का आंकलन किया जाए ताकि नए फायर स्टेशनों की स्थापना सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री नायब सैनी यहां सीएम घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को बेसहारा गोवंश मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन एवं डेयरी विभाग को शहरी स्थानीय निकाय विभाग और गौ सेवा आयोग के साथ समन्वय करते हुए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए ताकि दो माह के भीतर सभी बेसहारा गोवंश को गोशालाओं में संरक्षित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोरनी जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में निवासियों को सड़क, बिजली और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। भले ही किसी क्षेत्र में एक घर हो, संबंधित विभाग वहां मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें।

### भले एक घर हो, संबंधित विभाग मूलभूत सुविधाएं दे



#### नंदीशाला बनाने में तेजी लाएं अधिकारी

मुख्यमंत्री ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग की घोषणाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि पंचकूला, पानीपत और हिसार जिलों में नंदीशालाएं स्थापित की जा चुकी है। शेष जिलों में भी इस दिशा में कार्य में तेजी लाई जाए। इसके लिए विभाग द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के तहत नंदीशालाओं की स्थापना के लिए संभावनाएं तलाशी जाएं। साथ ही, पहले से स्थापित सभी नंदीशालाओं में एक-एक वेटरनरी क्लिनिक की स्थापना सुनिश्चित की जाएं, जहां विजिटिंग पशु चिकित्सक की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो।

#### गुणवत्ता से पूरे हों विकास कार्य

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की घोषणाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों को तीव्र गति से और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए ताकि आमजन को इन कार्यों का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कलेसर क्षेत्र से यमुना नदी के जल को चैनल के माध्यम से पंचकूला सहित अन्य स्थानों तक लाने के लिए सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया जाए, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नदी जोड़ो अभियान' को मूर्त रूप प्रदान करते हुए जल का उपयोग कृषि सहित अन्य कार्यों में किया जा सके।

#### बागवानी के लिए प्रोत्साहित करें

किसानों को बागवानी के लिए प्रोत्साहित करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन करें प्रदान मुख्यमंत्री ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सब्सिडी से जुड़ी सभी योजनाओं का डाटाबेस नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए, ताकि योजनाओं का लाभ पारदर्शी रूप से किसानों को सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सुझाव दिया कि विभाग कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से उन्नत गुणवत्ता वाले बीजों के विकास हेतु विशेष योजना तैयार करें।

**सख्ती**

#### सभी लंबित घोषणाओं को शीघ्र पूरा करवाएं

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2014 से अब तक की गई सभी घोषणाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित घोषणाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, राजस्व विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, सेवा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी. अनुपमा, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पांच जिलों में 1 अगस्त होगी को मॉक ड्रिल

**चंडीगढ़।** हरियाणा वित्त आयुक्त राजस्व (एफसीआर), डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के साथ मिलकर 1 अगस्त, 2025 को पूर्ण पैमाने पर मॉक ड्रिल 'अभ्यास सुरक्षा चक्र' का आयोजन करेगा। यह अभ्यास हरियाणा के पाँच जिलों गुरुग्राम, रेवाड़ी, फरीदाबाद, नूंह और पलवल में होगा।

## हाईकोर्ट का हस्तक्षेप: महिला कर्मचारी के ट्रांसफर पर रोक

**पंचकूला।** रोहतक से चंडीगढ़ ट्रांसफर पर महिला कर्मचारी द्वारा याचिकादायर करने के बाद हाईकोर्ट ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को जांच सौंपी है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस विनोद एस भारद्वाज की एकल पीठ ने न केवल ट्रांसफर आदेशों पर अंतरिम रोक लगा दी, बल्कि जांच के निर्देश भी दिए। सरकार के लेबर कमिश्नर कार्यालय पर आरोप लगाते हुए एक महिला कर्मचारी ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें उसने दावा किया कि एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग पूरी न करने के कारण उसे सजा के तौर पर रोहतक से चंडीगढ़ ट्रांसफर कर दिया गया। सुनवाई करते हुए अदालत ने हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आलोक मित्तल को आदेश दिया कि वे याचिकाकर्ता के लगाए गए आरोपों की जांच कर 6 नवंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस आदेश के साथ, कोर्ट ने याचिकाकर्ता को रोहतक या उसी जिले के किसी अन्य स्थान पर पुन कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दे दी है। अगली सुनवाई 6 नवंबर को निर्धारित है, जब जांच रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। याचिकाकर्ता भारती ने अदालत में बताया कि उसका स्कोर अधिक होते हुए भी उसे ट्रांसफर कर दिया गया, जबकि जिस अधिकारी (जगमोहन) को उसकी जगह रोहतक में नियुक्त किया गया, वह पहले से वहीं कार्यरत था। महिला ने आरोप लगाया कि लेबर कमिश्नर कार्यालय और एस्टेब्लिशमेंट ब्रांच के कुछ अधिकारियों द्वारा उस पर मनचाही पोस्टिंग के लिए एक लाख रुपये की मांग की गई थी।

**मिर्चपुर दलित हत्याकांड का मामला**

## मृतक के परिजनों को 1 करोड़ का मुआवजा देने की याचिका खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

■ परिवार को 15 लाख रुपये और बच्चों को नौकरी दी जा चुकी है : हाईकोर्ट

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 2010 के मिर्चपुर दलित हत्याकांड मामले में मृतक के परिजनों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। 2010 में जाति-आधारित हिंसा के बाद वाल्मीकि समुदाय के 254 परिवारों को मिर्चपुर से पलायन करना पड़ा था। हाईकोर्ट ने कहा कि मृत्यु की स्थिति में पीड़ित परिवार को 15 लाख रुपये की एकमुश्त राशि, उनके बच्चों को स्थायी नौकरी और गनमैन के साथ सरकारी आवास का भुगतान किया गया है। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस निधि गुप्ता की खंडपीठ ने कहा कि यह भी ध्यान देने योग्य है कि समीक्षा-याचिकाकर्ताओं ने मृत्यु के मामले में 1 करोड़ रुपये और चोट के मामले में 25 लाख रुपये का मुआवजा मांगा है। इसलिए, यह न्यायालय यह देखने के लिए बाध्य है कि पूरी प्रक्रिया एक वाणिज्यिक उद्यम बन गई है। ये टिप्पणियां उस आदेश के खिलाफ समीक्षा याचिका पर सुनवाई करते हुए की गईं, जिसमें मुआवजे वाली याचिका का निपटारा करते हुए याचिकाकर्ताओं को सक्षम प्राधिकारी से संपर्क करने की स्वतंत्रता दी गई थी।

## पैरा खिलाड़ियों को मिला 31.72 करोड़ का इनाम

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री और पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष आरती राव के प्रयास से प्रदेश सरकार ने चौथे पैरा एशियन गेम्स 2022 में हिस्सा लेने वाले प्रदेश के 17 खिलाड़ियों को कुल 31.72 करोड़ का नकद पुरस्कार दिया गया है। स्वर्ण पदक विजेता प्रणव सूरमा, रमन शर्मा, सुमित (एथलेटिक्स) और तरुण ढिल्लो (पैरा बैडमिंटन) को 3-3 करोड़ रुपये रुपये दिए गए हैं। नितेश कुमार को पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण और रजत पदक जीतने के लिए 4.5 रुपये करोड़ मिले हैं। इसी तरह से सरिता अढाना, पूजा, योगेश कथुनिया सहित कई अन्य खिलाड़ियों को रजत पदक जीतने पर 1.5-1.5 करोड़ रुपये दिए गए। जबकि अंजू बाला (पैरा लॉन बॉल), जसबीर (एथलेटिक्स) और जयदीप (कैनोइंग) को भागीदारी के लिए 7.5-7.5 लाख दिए गए हैं। मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि पैरा खिलाड़ियों ने हरियाणा और पूरे देश का नाम रोशन किया है।

**खराब लिंगानुपात पर एसटीएफ का सख्त कदम**

## पांच जिलों के नोडल अफसर चार्जशीट होंगे, पांच सीएमओ की पीएनडीटी शक्तियां वापस ली जाएंगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव के निर्देश पर हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार के लिए राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साप्ताहिक बैठक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि इस वर्ष 1 जनवरी से 28 जुलाई तक राज्य का लिंगानुपात सुधरकर 905 हो गया है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 899 था। बैठक में बताया गया कि 15 जिलों में पिछले वर्ष की तुलना में लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो छापेमारी और डेकोय ओपरेशन जैसे लगातार क्षेत्रीय अभियानों का परिणाम है।

हालांकि, पांच जिलों अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, पलवल और सिरसा ने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है और पिछले वर्ष की तुलना में लिंगानुपात में गिरावट दर्ज की गई है। सख्त कार्रवाई के आदेश देते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि पीएनडीटी अधिनियम के तहत इन पांच जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) की सभी शक्तियां वापस ले ली जाएं और पड़ोसी जिलों के सीएमओ को दे दी जाएं। उन्होंने कहा कि नए सीएमओ तुरंत इन जिलों का कार्यभार संभालें और लिंगानुपात में सुधार के लिए काम शुरू करें। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि इन जिलों में पीएनडीटी अधिनियम के नोडल अधिकारियों को चार्जशीट किया जाए तथा उनके स्थान पर नए अधिकारी नियुक्त किए जाएं। इन जिलों में अवैध गर्भपात को रोकने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की निगरानी के लिए एचसीएस और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित विशेष राज्य दस्ते (स्कवॉड) गठित किए जाएंगे। जिन जिलों ने लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार हासिल किया है, उन जिलों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित और पुरस्कृत किया जाएगा।



**दोषी पाने पर अस्पताल की सभी सरकारी सुविधाएं बंद हों**

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अवैध गर्भपात में दोषी पाए गए डॉक्टरों के लाइसेंस रद्द करें, ऐसे सभी केंद्रों/क्लिनिकों को सील किया जाए। ऐसे अस्पतालों और केन्द्रों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध करने से हटा दिया जाए तथा ऐसे केन्द्रों को दी जाने वाली अन्य सरकारी सुविधाएं भी बंद कर दी जाएं। डायलेशन और क्यूरेटेज (डी एंड सी) प्रक्रिया की आड़ में अवैध गर्भपात करने वाले केंद्रों की भी पहचान की जाए और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव रिपुदमन सिंह ढिल्लों तथा कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


**चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द**
**Chaudhary Ranbir Singh University, Jind**
(हरियाणा राज्य सरकार का एक विश्वविद्यालय)
(हरियाणा राज्य विधायिका अधिनियम 28 ऑफ 2014 द्वारा स्थापित और यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 2(एफ) और 12-बी द्वारा मान्यताप्राप्त)

**पीएच.डी. प्रवेश सूचना (2025-26)**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु पीएच.डी. प्रोग्राम में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से 31.07.2025 तक (अप. 05:00 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पीएच.डी. प्रोग्राम में प्रवेश के लिए विवरणिका समेत प्रवेश के लिए कार्यक्रम, शुल्क संरचना और प्रत्येक विभाग में सीटों की संख्या (श्रेणीवार) विश्वविद्यालय वेबसाइट : www.crsu.ac.in पर उपलब्ध है।

हस्ता/-
संवाद-2202/11/50/2026/37108/सी/88/6 दि. 29.07.25 कुलसचिव



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है।

| कार्य का नाम | "उत्कृष्टता केंद्र विकसित करने के लिए टीएल वायरिंग अनुभाग का आधुनिकीकरण।" | | |
|---|---|---|---|
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 21.08.2025 प्रातः 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 28.07.2025 17:17 बजे |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 21,55,624/- सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु. 43,100/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | NIL (अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 03 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 07.08.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 21.08.2025 प्रातः 11:30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं। | | |

सं.: 56/डब्ल्यू/इलेक्ट/24-25/टी-24/टीएल सेक्शन का आधुनिकीकरण 2308/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक (हरियाणा) 124001**
ई-मेल gcwrohtak@gmail.com

निविदा आमंत्रण हेतु सूचना

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रोहतक में परिसर की सफाई और हाउसकीपिंग (चौकीदार और माली) सेवाओं के लिए सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित प्रतिष्ठित संगठनों में आउटसोर्स आधार पर जनशक्ति सेवाएं प्रदान करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाले पात्र निविदाकारों/सेवा एजेंसियों से मुहरबंद निविदाएं (पृथक तकनीकी एवं वित्तीय मोहरबंद निविदाएं) आमंत्रित की जाती हैं। निविदाकार के पास वैध EPF / ESI / PSARA / GST पंजीकरण संख्या होनी चाहिए। इच्छुक बोलीदाता किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक प्राचार्य, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रोहतक के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से देय 1000 रुपये के गैर-वापसी योग्य भुगतान पर कॉलेज से निविदा फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र पर ही मान्य होगी। दिनांक 14.08.2025 को दोपहर 1:00 बजे एक प्री-बिड मीटिंग आयोजित की जाएगी और केवल वे बोलीदाता जो व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्री-बिड मीटिंग में उपस्थित होंगे, उन्हें ही निविदा में आगे भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। प्री-बिड मीटिंग में उपस्थित न होने वाले बोलीदाताओं की बोली का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। अधोहस्ताक्षरी बिना कारण बताए निविदा को निरस्त करने तथा नियमों को परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। सभी नियम व शर्तों को कॉलेज की वेबसाइट http://gpgcw.ac.in पर देखें।

निविदाएं जमा कराई जाएंगी 18.08.2025, 4:00 बजे तक
निविद को खोलने का समय 19.08.2025, 1:00 बजे

हस्ता/-प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय
रोहतक।

पीआरडीएच 1031/11/255/2026/37100/88/6 दि. 29.07.20025



**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
**यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी**
(हरियाणा अधिनियम सं. 25 ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड

**प्रवेश सूचना** (विज्ञा. सं. पीआर-12 ऑफ 2025)
**सत्र :- (2025-26)**
**बी.टेक. (द्वितीय वर्ष लेटरल एंट्री)**

सत्र 2025-26 हेतु बायोटेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (एआईएमएल), सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रोनिक एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सभी श्रेणियों की सीटों के लिए www.mdu.ac.in पर उपलब्ध ऑनलाइन लिंक के माध्यम से बी.टेक. (द्वितीय वर्ष, लेटरल एंट्री) के लिए प्रवेश हेतु सामान्य श्रेणी हेतु रु. 1000/- और सभी आरक्षित श्रेणियों (एससी/डीएससी/बीसी/पीएच/एफएफ/ ईएसएम/ केएम/गर्ल्स/ईडब्ल्यूएस) हेतु रु. 700/- के अप्रतिदेय शुल्क सहित इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों से 30.07.2025 से 14.08.2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**काउंसलिंग 11.08.2025, 12.08.2025, 13.08.2025 और 14.08.2025 को आयोजित की जाएगी।**

विस्तृत जानकारी हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट www.mdu.ac.in पर पधारें और मोबाइल नम्बर 8222880106 और 9050607001 पर सम्पर्क करें।

निदेशक, यूआईईटी
संवाद-1235/11/164/2026/37087/सी/88/6 दि. 29.07.25



समृद्ध किसान हमारी पहचान

**कार्यालय मार्केट कमेटी, फतेहाबाद**
**खुली बोली सूचना**

मार्केट कमेटी, फतेहाबाद की अनाज मण्डी, अतिरिक्त अनाज मण्डी व खरीद केंद्रो में कृषि उपज से निकले झार (कबाड़ / अवशेष) को एक वर्ष के लिए खुली बोली पर बेचा जाना है। इसमें भाग लेने वाले सभी इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि खुली बोली दिनांक 06.08.2025 को दोपहर 02:00 बजे निर्धारित की गई है जो कार्यालय मार्केट कमेटी फतेहाबाद में करवाई जावेगी। अतः उचित तिथि, समय व स्थान पर पहुंचकर अवसर का लाभ उठाएं। मुख्य शर्तें निम्नानुसार हैं :-

1) ठेके की अवधि 01.09.2025 से 31.08.2026 तक होगी।
2) बोली से पूर्व रू. 200000/- धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा समय प्रातः 10:30 बजे से 01:00 बजे तक जमा करवाकर भाग ले सकतें हैं।
3) सफल बोली दाता को निलामी के तुरन्त बाद मौके पर 75 प्रतिशत राशि जमा करवानी होगी व बकाया 25 प्रतिशत राशि दिनांक 25.09.2025 तक जमा करवानी होगी, इसके अतिरिक्त बोलीदाता/ठेकेदार को अग्रिम रुप से चैक बकाया राशि वर्णित कर duly fillup करके मार्किट कमेटी में उसी दिन जमा करवाने होंगे। यदि सफल बोलीदाता बकाया राशि निर्धारित तिथि तक देने में असफल होता है तो उसकी सिक्योरिटी राशि व जमा राशि जब्त करके ठेका रद्द कर दिया जाएगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।
4) अधिक जानकारी किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।
5) जिस व्यक्ति/फर्म ने डी०डी० बनवाया है वही व्यक्ति या फर्म स्वयं अपने पहचान पत्र के साथ हाजिर होकर खुली बोली में भाग लेगा।
6) अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएगीं।

**हस्ता/-सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी,**
**मार्केट कमेटी, फतेहाबाद।**

संवाद 1284/11/900/2026/37123/C/88/6 दि. 29.07.2025



**GOVT. POLYTECHNIC DHAMLAWAS**
(NH-11, VILL. DHAMLAWAS, PO- PITHRAWAS, DISTT. REWARI - 123101)
Website: www.ondhamlawas.edu.in email: gp-dhamlawas@techeduhry.gov.in

**Institute Level manual Counselling of Diploma (Engg.) & Diploma Lateral Entry for Vacant Seats**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उच्च शिक्षा विभाग (तकनीकी शिक्षा) हरियाणा सरकार के अधीन राजकीय बहुतकनीकी धामलावास ज़िला रेवाड़ी-123101 में सेशन 2025-26 के लिए डिप्लोमा (इंजी) (Diploma Engg.) के तहत **(i) ऑटोमोबाइल इंजी (ii) कंप्यूटर इंजी (iii) इलेक्ट्रिकल इंजी. (iv) इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजी (v) इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कण्ट्रोल (vi) मैकेनिकल इंजी (vii) मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी एवं डिप्लोमा लेटरल एंट्री (Diploma Lateral Entry) (i) ऑटोमोबाइल इंजी (ii) कंप्यूटर इंजी (iii) इलेक्ट्रिकल इंजी. (iv) इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजी (v) मैकेनिकल इंजी (vi) मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी** के तहत रिक्त सीटों के लिए मैन्युअल काउंसलिंग (Physical Mode) के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन फॉर्म (Application Form) संस्था में अपने सम्बंधित दस्तावेजों जैसे दसवी/बारहवी/आईटीआई मार्कशीट, केटेगरी सर्टिफिकेट, फॅमिली आईडी आदि के साथ (फॉर्म संस्था वेबसाइट पर भी उपलब्ध है) के साथ दिनांक 05.08.2025 (सांय 05:00 बजे तक) जमा कराएँ। इसके उपरांत संस्था द्वारा निम्न कार्यक्रम अनुसार मैन्युअल काउंसलिंग आयोजित की जायेगी जिसके लिए प्रवेशार्थी को व्यक्तिगत रूप से पहुँच कर दाखिला करवाना होगाः

**दाखिला फीसः**
**4350/- (For Male all categories)**
**2850/- (For Female all categories & TFW)**

दाखिले संस्था-स्तर पर नई मेरिट लिस्ट फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 05.08.2025 को आधार मानकर किये जायेंगे (HSTES द्वारा पूर्व-अधिसूचित रैंक लिस्ट के बिना) तथा नई मेरिट लिस्ट संस्था वेबसाइट एवं संस्था सूचना-पट पर 06.08.2025 को प्रदर्शित की जायेगी। सम्पूर्ण विवरण के लिए www.hstes.org पर विजिट करें।

**नोटः**
1. इन सीटों के अलावा ग्राम धामलावास के मूल निवासियों के लिए राजकीय बहुतकनीकी धामलावास में डिप्लोमा (इंजी) प्रथम वर्ष की प्रत्येक ब्रांच में आरक्षित दो (2) सीट प्रति ब्रांच के दाखिले भी 11.08.2025 (आवेदन करने की अंतिम तिथि 11.08.2025 दोपहर 12:00 है) को मैन्युअल काउंसलिंग द्वारा होने तय हैं।
2. उपरोक्त तय कार्यक्रम के पश्चात भी अगर संस्थान में कोई सीट रिक्त रहती है तो दाखिले दैनिक वरीयता आधार पर किये जायेंगे।
3. अधिक जानकारी के लिए प्रवेशार्थी **8901187837** पर संपर्क कर सकते हैं।

स्थानः धामलावास (रेवाड़ी) प्रधानाचार्य
दिनांकः 28.07.2025 (राजकीय बहुतकनीकी धामलावास)

पीआरडीएच 1115/11/430/2026/37078/88/6 दि. 29.07.2025



**वैश्य तकनीकी संस्थान रोहतक**
(हरियाणा सरकार द्वारा एक सरकारी सहायता प्राप्त संस्थान)

**प्रवेश सूचना (डीइटी/डीइटी-एल 2025)**

10वीं / 10+2 / आईटीआई / 10+2 VOC / NSQF स्तर 4 के सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि 3 साल के डिप्लोमा पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर मैनुअल Counselling नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार जाएगा। **Courses : ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग / सिविल इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग / मैकेनिकल इंजीनियरिंग / लाइब्रेरी सूचना और विज्ञान / कार्यालय प्रबंधन और कंप्यूटर अनुप्रयोग /कंप्यूटर इंजीनियरिंग (unaided)**

| दिनांक/योग्यता | डिप्लोमा इंजीनियरिंग (3 वर्ष) | डिप्लोमा Lateral Entry (2 वर्ष) |
|---|---|---|
| योग्यता | 10वीं पास | 10+2 / आईटीआई 2 साल / 10+2 VOC NSQF स्तर 4 |
| 06/08/2025 | आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि (11:00 AM तक) | |
| 06/08/2025 | मेरिट सूची प्रकाशनः 03:00 PM | |
| 07/08/2025 | सभी श्रेणियों में आरक्षण के साथ प्रवेश के लिए सुबह 09:30 बजे से उम्मीदवारों द्वारा रिपोर्टिंग | |
| 08/08/2025 | बिना आरक्षण के सभी श्रेणियों में प्रवेश सुबह 09:30 बजे से उम्मीदवारों द्वारा रिपोर्टिंग | |
| 11/08/2025 से 14/08/2025 | प्रत्येक कार्य दिवस पर दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त आवेदन फॉर्म प्रपत्रों के अनुसार सभी रिक्त सीटों के लिए प्रवेश | |

1. प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को ऊपर दिए गए कार्यक्रम के अनुसार संस्थान में अपना आवेदन पत्र जमा करना आवश्यक है।
2. संस्थान में प्रवेश चाहने वाले उम्मीदवारों को ऊपर दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपस्थित रहना आवश्यक है।
3. सभी उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेज / प्रमाण पत्र जैसे 10 वीं / 10+2 / आईटीआई /10+2 वीओसी। / एनएसक्यूएफ स्तर 4 पास मार्कशीट चरित्र प्रमाण पत्र / श्रेणी प्रमाण पत्र /आधार कार्ड / पीपीपी आईडी पासपोर्ट आकार फोटो (3 Nos.) फोटोकॉपी के एक सेट के साथ ले जाना चाहिए।
4. अभ्यर्थियों को सेमेस्टर शुल्क 4710/- रुपए (लड़कियों और टीएफडब्ल्यू कोटा अभ्यर्थियों के लिए 3210/- रुपए) जमा करना आवश्यक है।
5. कंप्यूटर इंजीनियरिंग (अनएडेड) में प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को 22360/- रुपए सेमेस्टर शुल्क जमा करना होगा।
6. यदि अभ्यर्थियों ने पहले भुगतान नहीं किया है तो उन्हें सेमेस्टर शुल्क के अतिरिक्त पंजीकरण शुल्क के रूप में 1000/- रुपए (लड़कियों एवं सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 700/- रुपए) का भुगतान करना होगा।
7. उम्मीदवारों को संस्थान में रिपोर्ट करने से पहले अपना पिछला प्रवेश (Centralised Counselling/Manual counseling में लिया गया) रद्द करना आवश्यक है।
8. अपूर्ण आवेदन फार्म मेरिट सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे।
9. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.vtirohtak.edu.in. पर जाएं।

**संपर्क नंबर :- 01262-248572, 9812451120, 9034116060**

पीआरडीएच-1115/11/436/2026/37110/88/6 दि. 29.07.25

## खबर संक्षेप

### दसवीं एवं बारहवीं में प्रवेश लेने को अपलोड करें दस्तावेज

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने जारी प्रेस-वक्तव्य में बताया कि प्रदेश के सभी संबंधित विद्यालय शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में सीधा प्रवेश लेने वाले या विद्यालय परिवर्तन करने वाले छात्रों/छात्राओं के अनिवार्य दस्तावेज विद्यालय में प्रवेश दिए जाने की तिथि से एक माह तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर दिए लिंक पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें।

### करंट लगने से किशोर की मौत

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-13 में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक निर्माणाधीन मकान में प्रवासी मूल के किशोर की करंट लगने से जान चली गई। मृतक की पहचान 14 वर्षीय सिंटू के रूप में हुई है। सिंटू बिहार के खगड़िया जिले का रहने वाला था और दस दिन पहले ही गांव से बहादुरगढ़ में अपने परिवार के पास घूमने आया था। जानकारी के अनुसार, सिंटू के परिजन सेक्टर-13 स्थित एक मकान में निर्माण कार्य के तहत मजदूरी कर रहे हैं। मकान की तिराई करने के लिए मोटर का तार जोड़ते वक्त सिंटू करंट की चपेट में आ गया।

# रेस्ट हाउस में गंदगी देख भड़के गंगवा, एसडीओ व जेई चार्जशीट

**लोक निर्माण मंत्री को बहादुरगढ़ के पीडब्ल्यूडी के विश्राम गृह के औचक निरीक्षण में मिली थी खामियां**

■ एसडीई मुकेश शर्मा और एक्सईन अनिल रोहिल्ला को चेतावनी जारी

**चंडीगढ़/ बहादुरगढ़।** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा द्वारा बहादुरगढ़ स्थित पीडब्ल्यूडी के विश्राम गृह के औचक निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर 4 अफसरों पर कार्रवाई की गई है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को औचक निरीक्षण किया था तो मौके पर गंदगी के अलावा वीआईपी कमरों में दीमक जैसी गंभीर खामियां पाई गईं। मंत्री रणबीर गंगवा ने इस लापरवाही को गंभीरता से लिया और एसडीई राजेश तंवर जो बहादुरगढ़ में अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे, और जेई मोहित चौहान के खिलाफ हरियाणा सिविल सेवा (पीएंडए) नियम 2016 के तहत चार्जशीट करने के आदेश दिए गए हैं।



■ चार अधिकारियों पर कार्रवाई से हड़कंप

■ कर्मचारी ड्यूटी के प्रति सजग रहें

वहीं, एसडीई मुकेश शर्मा सीडीसी, जिन्होंने 24 जुलाई 2025 को कार्यभार संभाला था, उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी के एक्सईन अनिल रोहिल्ला को चेतावनी जारी की गई है।

**लापरवाही किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं: गंगवा**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि पीडब्ल्यूडी बीएंडआर की बात हो या फिर पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट की, दोनों ही विभागों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्य के प्रति सजग रहे और अपनी जिम्मेवारी को समझे। उन्होंने कहा कि सरकार ने विश्राम गृह आमजन की सहूलियत के लिए बनाएं है, लेकिन अगर वीआईपी कमरों में ही लापरवाही बरती जा रही तो अन्य कमरों में क्या हाल होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। लापरवाही की वजह से दीमक वहां फर्नीचर को खराब कर रही थी, साफ-सफाई थी नहीं, ऐसे में लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई बनती हैं क्योंकि जिन अधिकारियों को इसकी सार संभाल करनी चाहिए थी, वो लापरवाही बरत रहे थे। गंगवा ने दोनों विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जितने भी कार्यालय, विश्राम गृह एवं अन्य बिल्डिंग विभाग की हैं, उनमें व्यवस्थाएं बना कर रखे, समय समय पर उनकी जांच करें क्योंकि सार-संभाल करवाना उनकी जिम्मेवारी है।

# रतिया में निजी स्कूल के शिक्षक का स्कूल वैन से अपहरण, केस

**रतिया।** शहर के भूना रोड पर गांव मुंशीवाली के पास मंगलवार दोपहर बाद उस समय हडक़ंप मच गया, जब एक कार में सवार कुछ युवकों ने गांव चंदों खुर्द के एक निजी स्कूल में कार्यरत टीचर का स्कूल वैन से अपहरण कर लिया और उसे अपने गाड़ी में लेकर फरार हो गए। स्कूल वैन के चालक ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी, जिसके बाद सिटी थाना अध्यक्ष रणजीत सिंह व पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और नाकेबंदी कर जांच शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार गांव चंदो खुर्द स्थित निजी स्कूल की वैन दोपहर को स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चों को लेकर गांव से रतिया की तरफ आ रही थी। इस स्कूल वैन में बच्चों के अलावा गांव सुखमनपुर निवासी एक टीचर भी वैन में मौजूद थी। जैसे ही वैन डिग्गी ढाणी और मुंशीवाली गांव के बीच में पहुंची तो एक कर में सवार कुछ युवकों ने स्कूल वैन को रुकवा लिया और वैन में मौजूद स्कूल टीचर को जबरदस्ती अपनी गाड़ी में अपहरण कर अज्ञात स्थान की तरफ ले गए।



**पुलिस ने की नाकाबंदी**

इस पर स्कूल वैन के चालक ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। सूचना मिलते ही सिटी थाना अध्यक्ष रणजीत सिंह व अन्य पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और ड्राइवर से पूछताछ के आधार पर जांच शुरू कर दी है। सिटी थाना अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम पर स्कूल वैन से टीचर के अपहरण की सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची है और ड्राइवर के बयानों के आधार पर जांच शुरू की जा रही है।

# सीएम फ्लाइंग का डिपो पर छापा, 71 क्विंटल गेहूं कम मिला

**महेंद्रगढ़।** राशन बांटने में की जा रही धांधली की गुप्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी, खाद्य आपूर्ति विभाग व गुप्तचर इकाई नारनौल की सयुंक्त टीम के द्वारा गांव उष्मापुर व जेरपुर के राशन डिपो का औचक निरिक्षण किया गया। इसके बाद सीएम फ्लाइंग के टीम इंचार्ज एएसआई सुरेंद्र सिंह और खाद्य आपूर्ति विभाग कनीना के निरीक्षक ध्यान सिंह ने जेरपुर और उष्मापुर दोनों ही डिपो पर छापेमारी की। इस दौरान डिपो पर राशन लेने के लिए लोगों की लाइन लगी हुई थी। जिसके बाद टीम ने डिपो होल्डर को साथ



लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान गांव उष्मापुर में राशन डिपो पर डिपो होल्डर राजसिंह राशन बांटता हुआ मिला। जिसको साथ लेकर राशन डिपो का निरीक्षण किया गया। उपलब्ध स्टॉक का पीओएस मशीन के डेटा से मिलान करने पर लगभग 71 क्विंटल गेंहू कम तथा छह लीटर सरसों का तेल अधिक पाया गया। इसके बाद उपरोक्त डिपो होल्डर द्वारा ही गांव जेरपुर में भी राशन डिपों चलाना मालूम हुआ। जिसके बाद गांव जेरपुर राशन डिपों पर पीओएस मशीन के मुताबिक 65 किलोग्राम गेंहू व 160 लीटर सरसों का तेल कम पाया गया।

# साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

**जींद।** जिला साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर ठग गिरोह के सात सदस्यों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चार लैपटॉप, 17 मोबाइल और 11 हजार 440 रुपये नगद बरामद की है। आरोपित मंडी गोबिंदगढ़ में किराये के कमरे में रह रहे थे। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपितों से मुख्य सरगना तथा गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे मे पूछताछ करेगी। डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि अर्बन एस्टेट निवासी जगदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके पास एक एपीके फाइल आई थी। उसने फाइल को क्लिक किया तो उसका मोबाइल हैक हो गया। जिसके बाद उसके खाते से एक लाख आठ हजार रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर लिए। साइबर थाना पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो गांव फतेहगढ़ पजाब निवासी नवप्रीत, हरिद्वार उतराखंड निवासी अतुल, तिरपालपुर यूपी निवासी अविनाश, मघोपुरी बिहार निवासी सिद्धार्थ, आशीष कुमार, सहारनपुर यूपी निवासी शिवम, गांव त्रिलोकपुर यूपी निवासी शिवम के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपित अलग-अलग शहरों के रहने वाले हैं।

# पारिवारिक विवाद के चलते देवर ने भाभी को कुल्हाड़ी से काटा, काबू




**डबवाली।** उपमंडल के गांव सुकेरा खेड़ा में आसा खेड़ा रोड स्थित एक ढाणी में कल रात देवर ने कुल्हाड़ी से वार करके अपनी भाभी की हत्या कर दी। हत्या की वजह पारिवारिक कलह व जमीनी विवाद बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक गांव के पास मनफूल सिंह की ढाणी में संजय और गुरमेश नामक दो भाई रहते हैं। इनमें गुरमेश का अपनी पत्नी राममूर्ति से लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि इस कारण गुरमेश अपने 2 बेटों को साथ लेकर अपने छोटे भाई संजय के साथ ढाणी में रह रहा था। जबकि,उसकी पत्नी राममूर्ति अकेली अलग एक घर में रह रही थी। बताया जा रहा है कि सोमवार रात करीब 9 बने राममूर्ति घर में अकेली थी। इस दौरान देवर संजय उसके घर पहुंचा और उसने दरवाजा खटखटाया। जब राममूर्ति ने गेट खोला तो तुरंत संजय ने राममूर्ति के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। इस के बाद गर्दन पर वार किए। इस हमले में राममूर्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। लेकिन बाद में पुलिस ने आरोपी संजय को गिरफ्तार कर लिया।

**तीज पर हादसों के बाद पुलिस की नींद टूटी, दुकानों से पतंगबाजी का सामान बरामद**

# चाइनीज मांझे से कट गई थी आठ साल की बच्ची की गर्दन व कई घायल, चार दुकानदार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

तीज पर्व पर प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझा खूब बेचा गया। चाइनीज मांझे की चपेट में आकर एक 8 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि चार-पांच लोग घायल हो गए। हादसों के बाद पुलिस की नींद टूट गई। पुलिस ने चाइनीज मांझा बेचने के आरोप में चार दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने चाइनीज मांझे की बिक्री करने वाले दुकानदारों व चाइनीज मांझे से पतंगबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सिटी पुलिस को सूचना मिली थी कि पुरानी सब्जी मंडी गारदा मस्जिद के पास अशोक कुमार व चंदू नामक दुकानदार अपनी दुकान के गेट के पास चाइनीज मांझा रखकर बेच रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों को काबू कर लिया। उनके कब्जे से चाइनीज मांझे की पांच रील बरामद हुरइं। इसके बाद पुलिस ने सूचना के आधार पर तेलीवाड़ा मोहल्ले में दुकान के गेट के पास चाइनीज मांझा रखकर उसकी बिक्री कर रहे प्रकाश को 21 सील चाइनीज मांझे के साथ गिरफ्तार कर



रेवाड़ी। एक दुकान में रखे मांझे के चरखे।

लिया। एक अन्य मामले में पुलिस ने बल्लूवाड़ा मोहल्ले में दुकान के पास रखकर चाइनीज मांझा बेच रहे त्रिवेंद्र गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में रखा 12 रील चाइनीज मांझा बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ सिटी थाने में तीन केस दर्ज किए गए हैं। त्योहारों के अवसर पर काफी लोग पतंगबाजी करना काफी पसंद करते है, लेकिन पतंग उड़ाते समय अगर कुछ सावधानियां न बरती जाए तो यह खुद के साथ साथ दूसरे लोगों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि कई पतंगबाज पतंग उड़ाने के लिए धारदार चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करना पसंद करते है जो कि काफी खतरनाक होता है। यह मांझा लोगों के लिए जानलेवा भी साबित होता है तथा क्षण भर में ही यह शरीर अंगों को काट देता है और हर साल ऐसी कई घटनाएं सामने आती है। यही कारण है कि प्रशासन ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है, इसलिए पतंग उड़ाने वालों को उड़ान से पहले अपने धागे की जांच परख करनी होगी कि कहीं वे जिस मांझे का इस्तेमाल कर रहे हैं, कहीं वह चाइनीज मांझा तो नहीं है।

**पुलिस को तुरंत दें सूचना**



चाइनीज मांझा का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ एक लाख रुपये का जुमार्ना और पांच साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कह ा कि यदि किसी को भी चाइनीज मांझे के इस्तेमाल या भंडारण के बारे में जानकारी मिलती है, तो वह डायल-112 करके पुलिस के साथ साझा करें।
**-हेमेंद्र कुमार मीणा**, एसपी

**ब्रिकी पर प्रतिबंध**

**बेहद खतरनाक है ग्लास लेपित धागा**

चाइनीज मांझा कॉटन फैब्रिक से नहीं बनाकर कई केमिकल से बनाया जाता है। चाइनीज मांझा पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली ग्लास लेपित सिंथेटिक धागा है जो पर्यावरण के साथ-साथ पशु-पक्षियों और इंसानों के लिए भी बेहद हानिकारक है। इस तरह की पतंग डोर पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। ये प्रतिबंध इंसानों, पक्षियों, अन्य जानवरों और पर्यावरण को नुकसान से बचाने के लिए लगाए गए है। इनके वितरण और स्टॉकिंग में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने के लिए टीमें चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। हाल ही में शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चाइनीज मांझा के भंडारण करने के चार मामले भी दर्ज किए गए हैं।

# जींद में जम्मू की महिला के साथ गैंगरेप बच्चों को बंधन बनाकर लूटपाट का आरोप

**जींद।** गढ़ी थाना इलाका गांव में जम्मू की महिला तथा उसके बच्चों को मकान में बंधक बना कर दो लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने तथा यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया है। जम्मू इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लगभग एक साल पहले वह कटरा माता वैष्णो देवी के दर्शन करने गई हुई थी।

रास्ते में गांव रसीदां निवासी हीरा ने अपने बच्चों से बात करने के लिए उसका फोन लिया था। जिसके बाद हीरा के उसके पास बार-बार फोन आने लगे। उसने हीरा के मोबाइल को ब्लॉक कर दिया। जिसके बाद दूसरे नंबर से हीरा अपने बच्चों से बात करवाने लगा। गत पांच मई को वह अपने बच्चों के कपड़े लेने लुधियाना आई हुई थी। उसी दौरान हीरा की बेटी की कॉल आ गई। जिस पर उसने लुधियाना आने के बारे में बताया। उसी शाम हीरा, सोनू व एक अन्य उसे लुधियाना रेलवे स्टेशन के बाहर मिले। आरोपितों ने उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया। अन्य व्यक्ति रास्ते में उतर गया। गांव रसीदां के निकट हीरा तथा सोनू ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया व बच्चों को कमरे में बधक बना लिया। रात को हीरा ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके सोने का मंगलसूत्र, बाली, चांदी के कगंन भी आरोपित ने छीन लिए। उसके हालात खराब होने पर सात मई को हीरा की बेटी ने उसे छुड़वाया। फिर आरोपित सोनू उसे रात को नरवाना रेलवे स्टेशन पर छोड़ कर आया। पुलिस शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।




# सालवन में धीरज की सुसाइड के बाद सन्नाटा, 25-30 साल पहले गांव से टूट चुका परिवार का नाता

■ गांव के युवक ने हीलियम गैस से आत्महत्या की

**करनाल।** दिल्ली के बाराखंबा इलाके में करनाल के सालवन गांव के मूल निवासी चार्टर्ड अकाउंटेंट धीरज कंसल (25) की हीलियम गैस से संदिग्ध आत्महत्या की खबर जैसे ही मंगलवार देर शाम गांव पहुंची, पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। ग्रामीण देर रात तक यह पता लगाने की कोशिश करते रहे कि धीरज किस परिवार से ताल्लुक रखता था, लेकिन कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। गांव सालवन के सरपंच जयवीर फौजी ने बताया कि धीरज का परिवार लगभग 25-30 वर्ष पहले गांव से नाता तोड़ चुका था। उस समय बिरादरी के कई परिवार सालवन में रहते थे, जिनमें से कुछ लोग शहरों में बस गए। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि धीरज किस घराने से संबंध रखता था। हम दिल्ली पुलिस और उसकी कंपनी के माध्यम से जानकारी जुटा रहे हैं। गांव सालवन में कंसल, बंसल व अन्य बिरादरी के लगभग 200 परिवार रहते थे, लेकिन धीरे-धीरे कई लोग रोजगार और पढ़ाई के कारण गांव छोड़कर बाहर बस गए। धीरज के परिवार का भी सालवन से कोई स्थायी संपर्क नहीं था। धीरज के पिता का निधन 2003 में हो गया था और इसके बाद मां ने दूसरा विवाह कर लिया था।

**रातभर जुटाई जा रही थी जानकारी**

मंगलवार देर रात तक गांव के सरपंच, बुजुर्ग और कुछ परिजन दिल्ली और गुरुग्राम में उसके कार्यस्थल से संपर्क कर रहे थे, ताकि परिवार की सही पहचान और पता लगाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि धीरज की सुसाइड ने पुराने संबंधों और गांव से छूट चुके रिश्तों की पीड़ा को फिर से उभार दिया है। सरपंच जयवीर फौजी का कहना है कि हम लगातार दिल्ली से संपर्क में हैं। अभी तक धीरज के नजदीकी परिजनों या मूल घराने की सही जानकारी नहीं मिल पाई है। गांव के लोग अपने स्तर पर भी खोजबीन कर रहे हैं।

**गांव में चर्चा, संवेदना और सवाल**

गांव सालवन में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल रहा। लोग आपस में पुराने रिश्तों को जोड़कर यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि धीरज किस घर से जुड़ा था। वहीं युवाओं ने इसे अकेलेपन और रिश्तों के टूटने से जुड़ी एक गंभीर त्रासदी बताया।



## भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने कहा

# प्रतिस्पर्धा के दबाव में अनैतिक तरीके अपना रहे हैं कुछ बैंक: डिप्टी गवर्नर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तेज प्रतिस्पर्धा का दबाव और अल्पकालिक सफलता की चाहत कुछ बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अनैतिक तरीके अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर (डीजी) स्वामीनाथन जे ने यह बात कही।

- एनबीएफसी बैंक अल्पकालिक सफलता चाहते हैं

डिप्टी गवर्नर ने पिछले शुक्रवार को तमिलनाडु के करूर में निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि ऐसे ऋणदाताओं के प्रबंधन को लगता है कि ''साध्य साधन को सही ठहराता है।'' उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की प्रथाओं से बैंकिंग प्रणाली की अखंडता में जनता का भरोसा कम होने का खतरा है।

**खास बातें**

- स्वामीनाथन ने चेतावनी में कहा, इससे बैंकों पर भरोसा होगा कम
- बैंक बोर्ड और प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करे



### प्रतिस्पर्धा का दबाव बढ़ता जा रहा

डिप्टी गवर्नर ने अपने संबोधन में कहा, ''तेज प्रतिस्पर्धा का दबाव और अल्पकालिक सफलता की चाहत से प्रेरित होकर, कुछ बैंकों और एनबीएफसी के प्रबंधन का मानना है कि साध्य साधन को सही ठहराता है।'' केंद्रीय बैंक ने यह भाषण मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किया।

### बैंक कुछ उदार नियमों का सहारा ले रहें

स्वामीनाथन ने कहा कि कुछ ऋणदाता रचनात्मक लेखांकन और नियमों की उदार व्याख्या जैसी प्रथाओं का सहारा ले रहे हैं, और कुछ बोर्डरूम में अपर्याप्त आंतरिक नियंत्रणों को सामान्य बनाया जा रहा है। वाणिज्यिक बैंकर से नियामक बने स्वामीनाथन ने कहा, ''बोर्डरूम से लेकर शाखा तक, नैतिक प्रथाओं से जुड़ी और उनमें निहित प्रणालियों, लोगों और प्रक्रियाओं के साथ वृद्धि महत्वपूर्ण है।''

### प्रबंधन कड़ी मेहनत से भरोसा मजबूत करें

स्वामीनाथन ने कहा कि बैंक बोर्ड और प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वे उत्तरदायी सेवा, विश्वसनीय प्रणालियों और जिम्मेदार नेतृत्व के जरिये कड़ी मेहनत से हासिल भरोसे को और मजबूत करें।

### वैकल्पिक निवेश कोष में बैंक की निवेश सीमा तय

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों और एनबीएफसी सहित किसी एकल विनियमित संस्था (आरई) द्वारा वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) योजना में निवेश की सीमा कोष के 10 प्रतिशत तक तय की। भारतीय रिजर्व बैंक (एआईएफ में निवेश) निर्देश, 2025 के मुताबिक किसी भी एआईएफ योजना में सभी विनियमित संस्थाओं का कुल योगदान उस योजना के कोष के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। आरई से तात्पर्य बैंकों, एनबीएफसी और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों से है।

### 10 फीसदी से अधिक का योगदान नहीं करेगी

परिपत्र में कहा गया, ''कोई भी विनियमित इकाई व्यक्तिगत रूप से किसी एआईएफ योजना के कोष में 10 प्रतिशत से अधिक का योगदान नहीं करेगी।'' परिपत्र में यह भी कहा गया है कि आरबीआई सरकार के परामर्श से कुछ एआईएफ को मौजूदा परिपत्रों और संशोधित निर्देशों के दायरे से छूट दे सकता है।

# दिन में 50 बार से ज्यादा चेक नहीं कर पाएंगे बैलेंस

नई दिल्ली। यूपीआई यानी यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस का इस्तेमाल देश में तेजी से बढ़ा है। लेकिन एक अगस्त में इसके नियमों में बदलाव होने जा रहा है। दरअसल, एक अगस्त के बाद से एक दिन में यूपीआई ऐप के जरिए पचास बार से ज्यादा आप अपना बैलेंस नहीं चेक कर पाएंगे। मर्चेंट्स से लेकर बैंक और यूजर्स सभी के लिए ये बदलाव वाला नियम लागू होगा। यूपीआई पर ऑटो-पे ट्रांजेक्शन (जैसे बिल पेमेंट, ईएमआई और सब्सक्रिप्शन) का समय अब निश्चित स्लॉट में ही हो पाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये समय सुबह 10 बजे के पहले या फिर दोपहर एक बजे से लेकर शाम के पांच बजे के बीच रहेगा। इसके अलावा, रात साढ़े नौ बजे के बाद भी स्लॉट फिक्स हो पाएगा।

**फिंगरप्रिंट से भी कर पाएगे पेमेंट:** बायोमेट्रिक पेमेंट में पहचान फिंगरप्रिंट, फेस आईडी जैसी अनोखी शारीरिक विशेषताओं से होगी। ये पिन या पासवर्ड से ज्यादा सुरक्षित और आसान है, क्योंकि इसे कॉपी करना मुश्किल है। जैसे आप अपने स्मार्टफोन को फिंगरप्रिंट और फेस आईडी के जरिए अनलॉक कर पाते हैं।

## शेयर बाजार में रंगत लौटी, सेंसेक्स 447 अंक चढ़ा

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी के दम पर स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को तीन दिन की गिरावट से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स में 447 अंक की तेजी रही, जबकि निफ्टी 140 अंक चढ़ गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 446.93 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 81,337.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 538.86 अंक चढ़कर 81,429.88 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 140.20 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 24,821.10 अंक पर बंद हुआ।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं सुरेश पुत्र श्री जयपाल व श्रीमती संतोष पत्नी श्री सुरेश निवासीगन मोखरा खास रोहतक हरियाणा के रहने वाले हैं हम अपने पुत्र नवीन व उसकी पत्नी काजल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं क्योंकि वह हमारे कहने से बाहर हैं! भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा!

**NOTICE**

I, Dharmender Singh S/o Sh. Ranjeet Singh R/o Shri Ram Nagar Colony, Rothak declare that Amit is my real son. My Son Amit is not in my control/order. So I dispossess/debar my said son from my moveable or immoveable property. I further declare I dispossess/debar my above said son from my moveable or immoveable property. I or my family members are not responsible for any type of his act and conduct in future (Legal of illegal.)

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Sagar Sharma**
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
**SAGAR**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRSOA0-000125-2025
Next Date : 14.08.2025
Suit for Declaration
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
**General Public.**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **14.08.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Dated, this day of 15.07.2025

**Reminder**
**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Arya Sharma**
Additional Principat Judge Family Court, Rohtak
**DEEPAK S/O SH. NARAIN**
**Vs.**
**ARTI W/O DEEPAK D/O SH. JAGDISH KUMAR**
CNR No. HRRH01-003512-2024
Next Date : 19.08.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Arti W/o Deepak D/o Sh. Jagdish Kumar Satti Mohalla near Gurudawara old Bazar Kharkhoda, Sonipat now at present H.no. A-23 DLF Coloney, Rothak Mob. no. 7876940878**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **19.08.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Additional Principat Judge Family Court, Rohtak
Dated, this day of 08.07.2025

## आलोक त्रिपाठी पूर्वी तट रेलवे के खुर्दा रोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक नियुक्त

खुर्दा रोड। भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) के 1998 बैच के वरिष्ठ अधिकारी आलोक त्रिपाठी ने पूर्वी तट रेलवे के खुर्दा रोड मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) का कार्यभार संभाल लिया है। श्री त्रिपाठी ने श्री एच. एस. बाजवा से कार्यभार ग्रहण किया है, जिन्होंने खुर्दा रोड मंडल में समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ सेवा की है। पूरा मंडल श्री त्रिपाठी का हार्दिक स्वागत करता है और उनके नेतृत्व में और भी उपलब्धियाँ हासिल करने की आशा करता है। इस नियुक्ति से पहले, श्री त्रिपाठी रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली में कार्यकारी निदेशक (फ्रेट मार्केटिंग) के पद पर कार्यरत थे। दो दशकों से अधिक के विशिष्ट करियर के साथ, वे भारतीय रेलवे में विभिन्न प्रमुख पदों पर व्यापक प्रशासनिक और परिचालन अनुभव लेकर आए हैं। श्री त्रिपाठी ने राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) में महाप्रबंधक सहित कई उल्लेखनीय पदों पर कार्य किया है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) में प्रतिनियुक्ति पर कार्य किया है। उनकी पूर्व भूमिकाओं में अहमदाबाद में सहायक परिचालन प्रबंधक (एओएम), वडोदरा में मंडल परिचालन प्रबंधक (डीओएम) और पश्चिम रेलवे में क्षेत्रीय रेल प्रबंधक (एआरएम) के पद शामिल हैं।



## रुपया 12 पैसे टूटकर 86.82 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच रुपया मंगलवार को 12 पैसे टूटकर 86.82 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) और आयातकों की ओर से मासान्त की डॉलर मांग ने रुपये पर और दबाव डाला। इसके अलावा, इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति के फैसले से पहले निवेशक सतर्क हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.76 प्रति डॉलर पर खुला।

## ट्रेड डील पर वार्ता के लिए अमेरिकी दल 25 को भारत आएगा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिकी दल 25 अगस्त को भारत आएगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने आगे कहा कि एक अगस्त की समयसीमा नजदीक आने के साथ ही दोनों पक्ष एक अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत जारी रखेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत (26 प्रतिशत) सहित दर्जनों देशों पर लगाए गए शुल्क की निलंबन अवधि एक अगस्त को समाप्त हो रही है। अधिकारी ने कहा, ''अमेरिकी दल छठे दौर की वार्ता के लिए भारत आ रहा है।'' भारत और अमेरिकी दलों ने पिछले हफ्ते वाशिंगटन में समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच इसमें शामिल हुए। ये विचार-विमर्श महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने इस साल दो अप्रैल को उच्च जवाबी शुल्क की घोषणा की थी। हालांकि, इसे 90 दिन के लिए नौ जुलाई तक और बाद में एक अगस्त तक स्थगित कर दिया गया। भारत ने कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क रियायतों की अमेरिकी मांग पर अपना रुख कड़ा कर लिया है। भारत ने अबतक किसी भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में अपने व्यापारिक साझेदार को डेयरी क्षेत्र में कोई शुल्क रियायत नहीं दी है।

## जियो के ग्राहक टीवी का पीसी की तरह कर पाएगे इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो ने सदस्यता आधारित पर्सनल कंप्यूटर सेवा शुरू की है, जिससे ग्राहक सेट-टॉप बॉक्स की मदद से अपने टेलीविजन का इस्तेमाल पर्सनल कंप्यूटर की तरह कर सकेंगे। कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, 'जियोपीसी' सदस्यता 599 रुपये (जीएसटी को छोड़कर) से शुरू होने वाले मासिक प्लान के साथ उपलब्ध है। वार्षिक प्लान 4,599 रुपये (जीएसटी को छोड़कर) का है, जो प्रति माह लगभग 383 रुपये शुल्क है। पीसी सेवा का इस्तेमाल करने के लिए जियोफाइबर और जियो एयरफाइबर उपयोगकर्ताओं को ऐप खंड में जियोपीसी ऐप पर क्लिक करना होगा। इस आठ जीबी रैम और 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज वाले पर्सनल कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए ग्राहक के पास कीबोर्ड और माउस होना जरूरी है।

- ग्राहक सेट-टॉप बॉक्स की मदद से इस्तेमाल कर पाएगे

कंपनी के एक सूत्र ने कहा, ''जियोपीसी ने एडोब के साथ साझेदारी की है, जिससे उपयोगकर्ताओं को एडोब एक्सप्रेस तक मुफ्त पहुंच मिलेगी। इस मंच की सदस्यता में सभी प्रमुख एआई टूल्स के साथ ही सभी लोकप्रिय ऐप और 512 जीबी क्लाउड स्टोरेज भी मिलेगा।''

### बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए जियोपीसी डिजिटल

जियोपीसी के एक महीने के मुफ्त परीक्षण में जियो वर्कस्पेस, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस (ब्राउजर) और 512 जीबी क्लाउड स्टोरेज शामिल है। सूत्र ने कहा, ''जियोपीसी भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए बनाया गया है जिसमें उद्यमियों से लेकर स्कूल जाने वाले बच्चों तक सभी शामिल हैं।''

**कार्यालय नगर पालिका उकलाना**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका कार्यालय, उकलाना में स्व० श्रीमति चन्द्रवति पत्नी श्री राममिलन पुत्र स्व० श्री मिसरी लाल की मृत्यु दिनांक 15.03.2025 को हो गई है इसके उपरान्त श्री० उमाशंकर पुत्र श्री राममिलन, श्री राजु शर्मा पुत्र श्री राममिलन, पुत्री श्रीमति गीता रानी श्री राममिलन, पुत्री श्रीमति किरण शर्मा श्री राममिलन पुत्री श्रीमति उषा शर्मा श्री राममिलन, निवासी उकलाना मण्डी जिला हिसार ने कार्यालय नगरपालिका उकलाना में प्रार्थना पत्र दिया है कि प्रार्थी की जायदाद प्रोपर्टी आई0डी0 8JCAF7A4 है जोकि वार्ड नं0 08 में स्थित है, प्रार्थीगण द्वारा उनकी माता की मृत्यु उपरान्त उक्त प्रोपट्री आई0डी0 8JCAF7A4 पर वारसान के नाम व अन्य त्रुटीयां ठीक करवाना चाहते हैं। प्रार्थीगण की सम्पति उकलाना मण्डी जिला हिसार में स्थित है। प्रार्थीगण इस प्रोपर्टी में से हिस्सा वारिसनामा के अनुसार अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर उक्त विषय बारे किसी का कोई भी ऐतराज है तो अपना ऐतराज सबूत लिखित रूप में 30 दिनों के अन्दर-2 कार्यालय नगरपालिका उकलाना में जमा करवा सकते हैं। इस अवधि के उपरान्त कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी। इस अवधि के उपरान्त प्रार्थी कि प्रोपर्टी आई०डी० सबूतों के आधार पर इनके नाम कर दी जायेगी।

**सचिव, नगरपालिका उकलाना।**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **टेंडर संख्या :** एलपी-मेड-01-डीएच-यूएमबी, एलपी-सर्ज-01-डीएच-यूएमबी, एलपी-कांस-01-डीएच-यूएमबी |
| 2 | **कार्य का नाम :** मंडल रेलवे अस्पताल अम्बाला छावनी में दवाइयां, सर्जिकल आइटम और कांसुमेब्ल की दैनिक स्थानीय खरीद के लिए रिटेल सप्लायर्स का दो वर्ष के लिए दर अनुबंध में प्रवेश करने के लिए आवेदन। |
| 3 | **कार्य अवधि :** रु. 2,27,100/- मेडिसिन के लिए, रु. 57,100/- सर्जिकल के लिए, रु. 15,300/- कांसुमेब्ल के लिए IREPS Portal पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से |
| 4 | **कार्य अवधि :** दो साल |
| 5 | **टेंडर डालने व खोलने की अन्तिम तिथि व समय :** टेंडर डालने का समय दिनांक 18.08.2025 को 15.00 बजे तक है तथा टेंडर दिनांक 18.08.2025 को 15.10 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी के कार्यालय में खोला जायेगा। |
| 6 | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट : https://ireps.gov.in.** निविदाकार दिनांक 19.07.2025 से अपने स्वयं के जोखिम पर बोली शुरू कर सकते हैं। |

नं.: एन.आई.टी./मेड/एल.पी./01/अम्बाला/2025 दिनांक: 19.07.2025 2198/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**मेरा किया जो काटे उसे ईनाम**
**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
**7534997731**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रिलायंस का सौराष्ट्र ब्लॉक के लिए ओएनजीसी, बीपी से करार

नई दिल्ली (भाषा)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सौराष्ट्र बेसिन में तेल एवं गैस की खोज के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी और बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड के साथ संयुक्त परिचालन समझौता किया है। आरआईएल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 28 जुलाई को ओएनजीसी के कार्यालय में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। सौराष्ट्र ब्लॉक को खुला क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति की नौवीं बोली प्रक्रिया के तहत तीनों कंपनियों को संयुक्त रूप से आवंटित किया गया था। यह ब्लॉक गुजरात तट से सटे पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में स्थित है और इसका क्षेत्रफल 5,454 वर्ग किलोमीटर है। समझौते के मुताबिक, इस ब्लॉक में ओएनजीसी को परिचालक की भूमिका दी गई है और तीनों कंपनियां मिलकर क्षेत्र में हाइड्रोकार्बन संसाधनों की खोज और दोहन के लिए अन्वेषण गतिविधियां चलाएंगी। यह पहला अवसर है जब रिलायंस, ओएनजीसी और बीपी ने किसी अपतटीय ब्लॉक की खोज और उत्पादन के लिए एक साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी सरकार की हाइड्रोकार्बन अन्वेषण एवं लाइसेंसिंग नीति के तहत हुई है।

## सोना 200 रुपये टूटा, चांदी 1.13 लाख रुपये किलो पर स्थिर

नई दिल्ली। स्टॉकिस्ट की सतत बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 97,820 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार पांचवें दिन गिरावट जारी रही और मंगलवार को यह 200 रुपये टूटकर 97,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 97,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी), भिवानी | बवानी खेड़ा निर्वाचन क्षेत्र, जिला भिवानी में गांव धनाना में खरीद केन्द्र का विकास। माननीय सी.एम. घोषणा कोड सं. 27369 दिनांक 02.04.2023. | बंद होने की तिथि 07.08.2025 | रु. 2,75,37,381/- | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 ebhiwani2025hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37135/I/88/6 दि. 29.07.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 11, एम.सी. रोहतक में गांव बलियाना में सोनीपत रोड साइड और मेन बलियाना अड्डा साइड पर दो अदद स्वागत द्वार का निर्माण + 3 कार्य। | 23.07.2025 04.08.2025 | रु.99,36,126/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37091/I/88/6 दि. 29.07.25

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5943



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 5942 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | व |
| न | सी | ह | ■ | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | ■ | ■ | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | वी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | ■ | ■ | जा | ग्र | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5953

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5952 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## खबर संक्षेप

### बिहार: स्वच्छता कर्मियों के लिए आयोग के गठन को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**पटना (भाषा)।** बिहार सरकार ने राज्य में स्वच्छता कर्मियों के सर्वांगीण सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन को मंगलवार को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में शहरी विकास एवं आवासन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बिहार में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर यह निर्णय महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### हाईकोर्ट ने मेधा पाटकर की सजा बरकरार रखी

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दायर मानहानि मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को सुनाई गई सजा को मंगलवार को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति शालिंदर कौर ने कहा कि अधीनस्थ अदालत के आदेश में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। इसी आदेश के खिलाफ पाटकर ने उच्च न्यायालय का रुख किया था। न्यायमूर्ति कौर ने कहा कि इस अदालत को आदेश में कुछ भी अवैध नहीं मिला।

### एनआईए ने पहलगाम के मुख्य साजिशकर्ता की मौत की जांच शुरू की

**श्रीनगर (भाषा)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों की एक टीम ने श्रीनगर के पास सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में पहलगाम आतंकवादी हमले के कथित मुख्य साजिशकर्ता और उसके दो साथियों के मारे जाने के मामले की जांच मंगलवार को शुरू कर दी। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की टीम मंगलवार तड़के तीन आतंकवादियों के शवों की शिनाख्त के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष पहुंची।

## लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में बोले केंद्रीय गृहमंत्री

### मानसून सत्र में छह दिन के गतिरोध के बाद चला प्रश्नकाल

# चिदंबरम ने पहलगाम के हमलावरों के सबूत मांगकर पाक को क्लीनचिट दी

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान और पीओके के अस्तित्व के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए रोप लगाया कि पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने पहलगाम के हमलावरों के पाकिस्तान से आने के सबूत मांगकर पूरी दुनिया के सामने पड़ोसी देश को क्लीनचिट दे दी है। शाह ने लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि कल इस देश के पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने सवाल उठाया कि क्या सबूत है कि आतंकी पाकिस्तान से आए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह सवाल तब उठाया जब संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होने वाली थी। वे किसे बचाना चाहते हैं ? पाकिस्तान को बचाकर क्या मिलेगा ? चिदंबरम साहब को संदेश देना चाहता हूं कि हमारे पास प्रमाण हैं। ऐसा बोलकर चिदंबरम यह सवाल भी खड़ा कर रहे हैं कि पाक पर हमला क्यों किया। उन्होंने कहा कि 1971 के युद्ध में पूरे देश ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का समर्थन किया था जब पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए गए।



### हुर्रियत से कभी बात नहीं करेंगे, हम घाटी के युवाओं से बात करेंगे: शाह

लोकसभा में 21 जुलाई को मानसून सत्र की शुरुआत के बाद मंगलवार को पहली बार प्रश्नकाल सुचारू रूप से चला। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस को 'आतंकवादी संगठनों का मुखौटा' करार दिया और कहा कि मोदी सरकार उसके साथ कभी बातचीत नहीं करेगी। शाह ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि एक समय था जब हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के नेताओं के साथ 'वीआईपी' जैसा व्यवहार होता था और उनके लिए 'रेड कार्पेट' बिछाया जाता था। हुर्रियत नेताओं के साथ सरकार बातचीत करती थी। मनमोहन सरकार के प्रतिनिधि बातचीत करते थे। हमने हुर्रियत के सभी घटकों पर प्रतिबंध लगा दिया और सब सलाखों के पीछे हैं। हम हुर्रियत के साथ बात नहीं करना चाहते।" शाह ने कहा कि मैं मोदी सरकार की नीति दोहराना चाहता हूं। हुर्रियत आतंकी संगठनों का मुखौटा है।

### शाह बोले 'मैं इतिहास का विद्यार्थी रहा हूं

चिदंबरम ने एक समाचार पोर्टल के साथ एक साक्षात्कार में कहा था, "... घटना में शामिल आतंकवादी स्थानीय हो सकते हैं, हम क्यों मानें कि वे पाकिस्तान से आए थे।" शाह ने यह आरोप भी लगाया कि पीओके का अस्तित्व पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू के कारण है और पाकिस्तान 'कांग्रेस की भूल' है। गृह मंत्री ने कहा, "1948 में जब कश्मीर में हमारी सेनाएं निर्णायक पड़ाव पर थीं तो सरदार वल्लभभाई पटेल ना बोलते रहे, लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने एकतरफा संघर्ष विराम कर दिया। 'मैं इतिहास का विद्यार्थी रहा हूं और दावे के साथ कह सकता हूं कि आज पीओके का अस्तित्व है तो जवाहर लाल नेहरू के कारण है।

### 1962 के बाद चीन एक इंच भी नहीं घुसा है: रीजीजू



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में कहा कि 1962 के बाद से "चीन, अरुणाचल में न तो एक इंच घुसा है और न उसने एक इंच जमीन ली है।" उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में विशेष चर्चा के दौरान यह बात कही। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने चर्चा में भाग लेते हुए भारत के क्षेत्र में चीन के कथित अतिक्रमण का हवाला देते हुए सवाल किया था, "जिस समय (2014 में) भाजपा केंद्र की सत्ता में आई, उस समय (देश का) क्षेत्रफल क्या था और आज क्या है?" उन्होंने सवाल किया कि पैंगोंग झील, गलवान घाटी के बारे में सरकार के पास जवाब है या

### चीन राक्षस, आतंकवाद के समान खतरा : अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को चीन को "राक्षस" करार देते हुए कहा कि भारत को इस पड़ोसी देश से उतना ही खतरा है जितना कि आतंकवाद से है और वह "हमारी जमीन एवं बाजार", दोनों छीन लेगा। उन्होंने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा के दौरान कहा कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के दौरान केंद्र सरकार ने कहा था कि अब भविष्य में कोई आतंकी घटना नहीं होगी। सपा प्रमुख ने कहा कि लोग सरकार की ओर से दिये गए आश्वासन पर वहां (पहलगाम) गए थे।

### एक दिन ऐसा आएगा पीओके के लोग हमारी शासन प्रणाली का हिस्सा होंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि एक दिन पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के लोग भी भारत की शासन व्यवस्था का हिस्सा बनेंगे। सिंह ने



उच्च सदन में "पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा" की शुरुआत करते हुए कहा ₹एक दिन ऐसा अवश्य आएगा जब पीओके के लोग भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली और शासन व्यवस्था में शामिल होंगे।₹ उन्होंने कहा कि एक दिन ऐसा अवश्य आएगा जब पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के लोग भी खुद को भारत का हिस्सा मानते हुए गर्व से कहेंगे मैं भी भारत।

### मेरी मां के आंसुओं की बात हुई, पर यही नहीं बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर क्यों रुका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने इतिहास का पाठ पढ़ाया तथा उनके मां के आंसुओं तक की बात की, लेकिन यह नहीं बताया कि जब पाकिस्तान ने घुटने टेक दिए थे तो ऑपरेशन सिंदूर को



अचानक क्यों रोक दिया गया। प्रियंका ने ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि उनकी मां सोनिया गांधी के आंसू तब गिरे थे जब उनके पति (राजीव गांधी) को आतंकवादियों ने शहीद किया था। वायनाड से लोस सदस्य ने कहा कि गृह मंत्री जी ने कहा कि पाक के पास शरण में आने के बजाए कोई चारा नहीं था।

## आतंकी ढांचा काफी हद तक नष्ट तो पहलगाम हमला कैसे हुआ



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लिए जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए कांग्रेस ने सोमवार को सवाल किया कि अगर देश में आतंकी ढांचा काफी हद तक नष्ट हो चुका है तो फिर पहलगाम हमला कैसे हुआ ? राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सदन में "पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा" में हिस्सा लेते हुए कहा कि सरकार को आतंकवादी हमले रोकने में 'चूक' और 'विफलता' स्वीकार करनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि हमले को लेकर जवाबदेही तय की जानी चाहिए, और पहलगाम हमले के लिए जो भी जिम्मेदार हो, उसे इस्तीफा देना चाहिए। खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान मोदी की 2015 की उस पाकिस्तान यात्रा पर तंज कसा जो पूर्व निर्धारित नहीं थी। आप पाकिस्तान पर सख्त कार्रवाई की बात कर रहे हैं, लेकिन हमें यह भी याद है कि आप अचानक बिना किसी पूर्व घोषणा के लाहौर पहुंच गए थे। आप कहते हैं कि देश में आतंकी ढांचे को काफी हद तक नष्ट कर दिया गया है।

### राज्यसभा में नड्डा ने अपने शब्द वापस लिए, खरगे से माफी मांगी



बिगड़े बोले, खड़गे ने मानसिक संतुलन खोया

राज्यसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांगनी पड़ी। दरअसल हुआ यह कि विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बहस की शुरुआत की। पहलगाम हमले के लिए कौन जिम्मेदार है, वह कुर्सी खाली करें। अगर कोई जिम्मेदार नहीं है तो पीएम जवाब दें। इस पर नड्डा ने कहा कि उन्होंने (खड़गे) प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की है, उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। 11 साल से उनको वहां बैठाए रखा है। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। पार्टी और देश के लिए गौरव का विषय है, लेकिन आप पार्टी से इतने जुड़ गए हैं कि देश गौण हो जाता है और मेंटल बैलेंस खोकर इस तरीके से बात कर रहे। इस पर विपक्ष ने हंगामा किया।

### तृणमूल कांग्रेस की सांसद बोलीं

### पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना बंद हो



तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना बंद होना चाहिए क्योंकि यह देश भारत के खिलाफ बरसों से आतंकवाद का खेल खेलता आ रहा है। उच्च सदन में "पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा" में हिस्सा लेते हुए तृणमूल कांग्रेस की घोष ने कहा कि सुरक्षा के तमाम बड़े बड़े दावों के बाद पहलगाम हमला कैसे हुआ, इसकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। बरसों से भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच नहीं होना चाहिए। सागरिका ने सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए मांग उठाई जब एशिया कप में 14 सितंबर को भारतीय और पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के बीच मैच प्रस्तावित है।

## उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी

# कानूनी राय देने वाले वकीलों को तलब नहीं किया जाना चाहिए

भाषा ▸▸ नई दिल्ली




वकील अपराध में मुवक्किल की मदद कर रहा है, तो उसे समन भेजें

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि अगर कोई व्यक्ति सिर्फ वकील की भूमिका निभा रहा है, तो जांच एजेंसियों को उसे जांच का सामना कर रहे अपने मुवक्किल को कानूनी सलाह देने के लिए तलब नहीं करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि, अगर कोई वकील अपराध में मुवक्किल की मदद कर रहा है, तो उसे समन भेजा जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने यह टिप्पणी जांच एजेंसियों द्वारा जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने के लिए वकीलों को तलब किए जाने से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान की। हमने शुरू में ही कहा था कि अगर कोई (वकील) अपराध में मुवक्किल की मदद कर रहा है, तो उसे तलब किया जा सकता है... लेकिन केवल कानूनी सलाह देने के लिए नहीं।" पीठ ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) जैसे बार निकायों की दलीलें सुनीं, जिनका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह और वकील विपिन नायर ने किया। सिंह, जो एससीबीए के अध्यक्ष भी हैं, ने इस बात पर चिंता जताई कि "मनमाने ढंग से समन जारी किए जाने" से कानूनी पेशे पर "गलत प्रभाव" पड़ सकता है। अगर वकीलों को महज मुवक्किलों को सामान्य कानूनी सलाह देने के लिए समन भेजा जाने लगे, तो कोई भी (वकील) संवेदनशील आपराधिक मामलों में सलाह देने का साहस नहीं करेगा।" सिंह ने मामले में सीबीआई की ओर से अपनाए गए सुरक्षा उपायों के समान सुरक्षा उपाय लागू करने का अनुरोध किया।

### 2021 से अब तक 50 फीसदी से अधिक बाघों की मौत अभयारण्यों के बाहर हुई : सरकार

**नई दिल्ली(भाषा)।** भारत में 2021 से 2025 तक अब तक हुई बाघों की मौतों में से आधे से ज्यादा मौतें संरक्षित अभयारण्यों के बाहर हुई हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से सामने आए हैं। सरकारी आंकड़ों में यह



जानकारी दी गई। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के अनुसार, इस अवधि के दौरान 667 बाघों की मृत्यु हुई, जिनमें से 341 बाघों की मृत्यु अभयारण्यों के बाहर हुई, जो कुल संख्या का 51 फीसदी है। वर्षवार आंकड़ों के अनुसार, 2021 में 129 बाघों की मौत हुई, 2022 में 122; 2023 में 182; 2024 में 126 और 2025 में अब तक 108 बाघों की मौत हुई। वहीं, वर्ष 2021 में अभयारण्यों के बाहर 64 बाघों की मौत हुई; 2022 में 52; 2023 में 100; 2024 में 65 और 2025 में अब तक 60 बाघों की मौत हो चुकी है।

### डीसीजीआई ने दिए 'रेनिटिडिन' में संभावित कैंसरकारी रसायन की मौजूदगी की निगरानी के निर्देश

**नई दिल्ली (भाषा)।** औषधि नियामक डीसीजीआई ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विनिर्माताओं को पेट में 'एसिड' को कम करने वाली दवा 'रेनिटिडिन' में संभावित कैंसरकारी रसायन - एन-नाइट्रोसोडिमिथाइलमाइन - की मौजूदगी की निगरानी करने का निर्देश देने को कहा है। 'रेनिटिडिन' का उपयोग पेट में बनने वाले 'एसिड' की मात्रा को कम करने के लिए किया जाता है, तथा 'एसिड रिफ्लक्स' और पेट या आंतों के अल्सर के उपचार में भी इसका उपयोग किया जाता है। भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने 24 जुलाई को एक पत्र में कहा कि एन-नाइट्रोसोडिमिथाइलमाइन (एनडीएमए) की उपस्थिति के कारण 'रेनिटिडिन' दवा की सुरक्षा से संबंधित मुद्दा काफी समय से विचाराधीन है और समय-समय पर विभिन्न उपाय किए गए हैं।

विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर फैसला

### अदालत ने ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने को लेकर फैसला स्थगित किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में ईडी द्वारा दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लेने को लेकर अपने फैसले को स्थगित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि मामले की सुनवाई को कुछ स्पष्टीकरण के लिए अब सात और आठ अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया गया है। पहले, विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने को लेकर अपना आदेश 15 जुलाई को सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा एवं ऑस्कर फर्नांडीस के साथ-साथ सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी 'यंग इंडियन' पर आरोप लगाया है कि इन्होंने 'नेशनल हेराल्ड' अखबार प्रकाशित करने वाली कंपनी एजेएल से संबंधित 2,000 करोड़ की संपत्ति के धोखे से अधिग्रहण के लिए साजिश की।

नेशनल हेराल्ड मामला

**अमरनाथ यात्रा: 1,490 का 27वां जत्था रवाना :** जम्मू (भाषा)। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन करने के लिए 1,490 तीर्थयात्रियों का 27वां जत्था मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। प्राधिकारियों ने जानकारी दी।


**NOTICE**

MAHADHAN

In order to make the Indian Farmers internationally competitive, Mahadhan Agritech Limited, brings to you the following Imported & Indigenous 100% Water Soluble Mixture of Fertilisers as per order dated 24.10.2015, issued by Ministry of Agriculture & Farmers Welfare, Govt. of India, New Delhi.

| Sr. No. | Particulars / Grade | NPK 14:25:10 | NPKS 9:6:31:8 | NPK 24:24:0 | NPK 0:40:40 | NPK 12:30:20 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Moisture percent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 2 | Total Nitrogen percent by weight, minimum | 14 | 9 | 24 | 0 | 12 |
| 3 | Total Phosphorous and water soluble phosphorous (as $P_2O_5$) percent by weight, minimum | 25 | 6 | 24 | 40 | 30 |
| 4 | Water Soluble Potassium (as $K_2O$) percent by weight, minimum | 10 | 31 | 0 | 40 | 20 |
| 5 | Sulphur (as S) percent by weight, minimum | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Total Chloride per cent by weight, maximum | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 |
| 7 | Matter insoluble in water per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 8 | Sodium as NaCl per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 9 | Lead (as Pb) per cent by weight, maximum | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 |
| 10 | Cadmium (as Cd) per cent by weight, maximum | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 |
| 11 | Arsenic (as As) per cent by weight, maximum | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 |

**Salient Features:**
1. 100% Water Soluble.
2. Improves quality and yield of the produce.
3. Suitable to use through drip irrigation and foliar application.

**Packing :** Available in 500 gm, 1 Kg, 5 Kg, 10 Kg and 25 Kg Packing.
**Supply and sales of above Mahadhan WSF grades will be done after 30-35 days.**

*Manufactured / Imported & Marketed by -*
**MAHADHAN AGRITECH LIMITED**
**Registered Office** : Sai Hira, Survey No. 93, Mundhwa Road, Mundhwa, Pune - 411036, Maharashtra.
**www.mahadhan.co.in**



**उत्तर रेलवे**

## एक स्टेशन एक उत्पाद

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं:**

क. **कुल दस (10) स्टॉल:** दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, सब्जी मंडी, पलवल, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, पानीपत, गुड़गांव और कुरूक्षेत्र स्टेशनों पर।

ख. **कुल पैंतीस (35) ट्रॉली:** आनन्द विहार टर्मिनल, जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बादली, बल्लभगढ़, दिल्ली किशनगंज, देवबंद, नरेला, ओखला, पालम, सकौती टांडा, शामली, टपरी, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, खेकड़ा, नांगलोई, खतौली, मुरादनगर, नोली, परतापुर, शकूरबस्ती, जुलाना, सांपला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- कुरूक्षेत्र, सब्जी मंडी, पलवल, गुड़गांव और मेरठ कैंट तक। स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्रॉली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- **NSG 1, 2, 3 और 4** स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रुपये की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और **NSG 5** (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) **& NSG 6** (परतापुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रुपये की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  - क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  - ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  - ग) पीएमईजीपी (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  - घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  - ड.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा। कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 08.08.2025 को 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: **www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic.comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf https://indianrailways. gov.in/railwayboard/uploads/directorate/ traffic. comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of% 202023** पर उपलब्ध है।
- इस से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2312/2025



**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) (रोड आईडी 5266) 5.50 मी. से 10.00 मी. तक चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा हांसी उमरा सुल्तानपुर कंवारी की विशेष मरम्मत (एचटी/एलटी 33 केवी दयाल सिंह कॉलोनी लाइन की शिफ्टिंग का प्रावधान) + 2 कार्य। | 28.07.2025 06.08.2025 | 24.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में (आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र) ग्रुप नं. 8 में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत दिल्ली हिसार सुलेमानकी (एनएच-10) रोड से जाखोद खेड़ा वाया दुर्जनपुर रोड आरडी 0.00 से 1.700 और 2.450 से 10.980 (रोड आईडी 4900) तक रोड का मजबूतीकरण + 11 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.08.2025 | 4815.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में कलानौर में 50 बिस्तर वाले हस्पताल में आपातकालीन ब्लॉक सहित ओपीडी का निर्माण (सीसीटीवी, एलएएन, ईपीएबीएक्स और फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 25.07.2025 11.08.2025 | 32.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में कुरूक्षेत्र में एसकेआईईटी इंस्टीट्यूट से नये बस स्टैंड पिपली तक सहारनपुर कुरूक्षेत्र रोड पर स्लीप रोड का निर्माण। | 28.07.2025 04.08.2025 | 4.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | प्रशासनिक खण्ड राजकीय आईटीआई जीन्द की विशेष मरम्मत (70 वर्ग मी. केबल और फायर सिलिंडर का प्रावधान केवल) (ई.आई. निच के रखरखाव और अर्थिंग का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 25.07.2025 01.08.2025 | 7.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | हरियाणा राज्य अतिथि गृह, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में हाउसकीपिंग सेवाओं, सुविधा प्रबंधन सेवाओं का प्रावधान जैसे फ्रंट ऑफिस, रिसेप्शन, सभी सुइट्स और फ्लोर तथा कैम्पस एरिया का मैकेनाइज्ड हाउसकीपिंग प्रबंधन। | बंद होने की तिथि 04.08.2026 | 143.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | हरियाणा भवन, नई दिल्ली में हाउसकीपिंग सेवाओं, सुविधा प्रबंधन सेवाओं का प्रावधान जैसे फ्रंट ऑफिस, रिसेप्शन, सभी सुइट्स और फ्लोर तथा कैम्पस एरिया का मैकेनाइज्ड हाउसकीपिंग प्रबंधन। | बंद होने की तिथि 04.08.2025 | 347.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खुबडू ब्लॉक गन्नौर में बदलू वाली चौपाल (सामान्य) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 04.08.2025 | 22.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज करनाल | जी.बीरबल ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण स्कीम एचआरडीएफ + 1 कार्य। | 25.07.2025 13.08.2025 | 52.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं मंडल, नारनौल में नारनौल ब्रांच के पम्प हाउसेज एनबी-2 और एनबी-3 की डिस्टी पर विभिन्न आकार के आर्म्ड केबल, पीवीसी एक्सएलपीई एलटी एल्यूमीनियम कंडक्टर की आपूर्ति, बिछाना और स्थापना / फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 12.08.2025 | 19.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | भिवानी डिवीजन हेतु हार्डवेयर मदों की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य। | 29.07.2025 12.08.2025 | 54.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2580542 xenproc@gmail.com |
| 12 | बागवानी विभाग सीओई, मुनीमपुर, झज्जर | सीओई, मुनीमपुर (झज्जर) में जॉब वर्क के आधार पर विभिन्न मेनियल और अन्य कार्यों के लिए लेबर की आपूर्ति। | 29.07.2025 31.08.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/240/37137/I/88/6 दि. 29.07.25

चिंतन

# एसआईआर संबंधी सभी आशंकाएं दूर करे आयोग

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दूसरी बार सुनवाई की है। अब शीर्ष अदालत ने साफ कहा है कि बिहार में यदि मतदाता सूची के एसआईआर में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा। न्यायालय के इस कथन को चुनाव आयोग को गंभीर चेतावनी के रूप में लेना चाहिए। अभी गत 23 जुलाई को बिहार राज्य चुनाव आयोग ने एसआईआर की जारी प्रक्रिया के दौरान एक दिलचस्प आंकड़ा दिया कि बिहार में मतदाता सूची में दर्ज नामों में से 20 लाख की मौत हो चुकी है, 7 लाख मतदाता फर्जी हैं, लगभग 28 लाख अपने पहले पंजीकृत किए गए स्थानीय पते से स्थायी रूप से पलायन कर गए हैं, 1 लाख मतदाता लापता हैं व करीब 15 लाख मतदाता फॉर्म वापस नहीं आए हैं। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग ने कहा है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 65 लाख लोगों ने गणना प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, क्योंकि वे या तो मृत हैं या स्थायी रूप से कहीं और स्थानांतरित हो गए हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को आईना भी दिखाया है कि आप ऐसे 15 लोगों को लेकर आइए, जिन्हें मृत बताया गया है, लेकिन वे जीवित हैं। इस आलोक में सर्वोच्च न्यायालय की चेतावनी स्पष्ट है। हालांकि दूसरा अहम पहलू यह भी है कि बिहार में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी व नेपाली प्रवासी मतदाता लिस्टेड हैं। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को दुरुस्त करना, साफ-सुथरा व पारदर्शी बनाना है और अयोग्य, डुप्लिकेट/फर्जी या गैर-मौजूद प्रविष्टियों को हटाया जाना है। पहली सुनवाई 10 जुलाई को हुई थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति देते हुए उससे आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने पर विचार करने को कहा था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 भारत निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और संशोधित करने का अधिकार देती है, जिसमें दर्ज कारणों के साथ किसी भी समय विशेष संशोधन करना भी शामिल है। संविधान के अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने का पर्यवेक्षण तथा नियंत्रण करने की शक्ति प्रदान करता है। मोहिंदर सिंह गिल बनाम मुख्य चुनाव आयुक्त मामले, 1977 में सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 324 के तहत केंद्रीय चुनाव आयोग की व्यापक शक्तियों को बरकरार रखा, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर पुनर्मतदान का आदेश देना भी शामिल है, और इस बात पर जोर दिया कि अनुच्छेद 329(बी) के अनुसार चुनावों के दौरान न्यायिक समीक्षा प्रतिबंधित है। देश के विभिन्न भागों में वर्ष 1952–56, 1957, 1961, 1965, 1966, 1983–84, 1987–89, 1992, 1993, 1995, 2002, 2003 और 2004 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आयोजित किए गए थे। अनुच्छेद 327 संसद को विधानमंडलों के चुनावों के संबंध में प्रावधान करने का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 328 राज्य की विधानमंडल को उसके अपने चुनावों के संबंध में प्रावधान करने का अधिकार देता है। एसआईआर एक व्यक्ति एक वोट के अधिकार को सशक्त करता है। दरअसल, एसआईआर के दौरान जन्म प्रमाण पत्र या वंशानुगत दस्तावेज़ों की मांग को परोक्ष रूप से नागरिकता परीक्षण के रूप में देखा जा रहा है।



भाषा विवाद
विवेक शुक्ला

# सब भाषाओं को पढ़कर जुड़ेगा भारत

सच पूछो तो भाषा के मसले पर होने वाले विवादों का एक मात्र हल है कि हम अपनी मातृभाषा के अलावा भी किसी प्रांत की जुबान पढ़ें और सीखें। अगर सारे देश के स्कूलों के बच्चे अपनी मातृभाषा के अलावा किसी अन्य राज्य की भाषा भी पढ़ें और सीखें तो कितना अच्छा हो। मुंबई के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को तमिल, बांग्ला, असमिया आदि जुबानें सीखने का अवसर मिले और तमिलनाडु के बच्चों को पंजाबी, हिन्दी, मलयाली आदि भाषाएं सीखने का विकल्प हो। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां भाषा और संस्कृति लोगों को जोड़ने के साथ-साथ अलग भी करती है, बहुभाषी शिक्षा एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है।

भारत में अपने देश की भाषाओं को लेकर होने वाले विवाद से संबंधित हम सब खबरें पढ़ते रहते हैं। इस मसले पर सियासत भी खूब होती है। तो इस समस्या का हल क्या है? सच पूछो तो भाषा के मसले पर होने वाले विवादों का एक मात्र हल है कि हम अपनी मातृभाषा के अलावा भी किसी प्रांत की जुबान पढ़ें और सीखें। अब एक उदाहरण लीजिए। सुष्मिता बोस और अमना जकी राजधानी के अपने स्कूल की लाइब्रेरी के बाहर धाराप्रवाह पंजाबी में बातचीत कर रही थीं। इनके बीच में हो रहे संवाद को सुनकर कोई नहीं कह सकता था कि इन दोनों की मातृभाषा पंजाबी नहीं है। बांग्ला भाषी सुष्मिता और अमना के घर में उर्दू या कहें हिन्दुस्तानी बोली जाती हैं। इन दोनों ने पंजाबी लिखना और बोलना अपने राजधानी के दशमेश पब्लिक स्कूल, विवेक विहार में सीखा। इधर पंजाबी भाषा सभी बच्चों को आठवीं कक्षा तक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाई जाती है।

अगर सारे देश के स्कूलों के बच्चे अपनी मातृभाषा के अलावा किसी अन्य राज्य की भाषा भी पढ़ें और सीखें तो कितना अच्छा हो। मुंबई के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को तमिल, बांग्ला, असमिया आदि जुबानें सीखने का अवसर मिले और तमिलनाडु के बच्चों को पंजाबी, हिन्दी, मलयाली आदि भाषाएं सीखने का विकल्प हो। दशमेश पब्लिक स्कूल की मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन सरदार बलबीर सिंह कहते हैं कि भारत में 22 आधिकारिक भाषाएं और सैकड़ों बोलियां बोली जाती हैं, जो इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती हैं। लेकिन यह विविधता कभी-कभी क्षेत्रीय और भाषाई दीवारें भी खड़ी कर देती है, जो लोगों के बीच आपसी समझ और एकता को कमजोर कर सकती है। इस संदर्भ में, भारत के स्कूलों में विभिन्न प्रांतों की भाषाओं को पढ़ाने की अवधारणा न केवल एक शैक्षिक सुधार है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी माध्यम भी हो सकता है। भारत में भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह संस्कृति, इतिहास, और पहचान का प्रतीक भी है। प्रत्येक भाषा अपने साथ साहित्य, परंपराएं, और जीवनशैली की एक अनूठी झलक लेकर आती है। उदाहरण के लिए, बांग्ला भाषा रवींद्रनाथ टैगोर और बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जैसे साहित्यकारों की विरासत को समेटे हुए है, तो पंजाबी भाषा गुरबानी और लोक संगीत की जीवंतता को दर्शाती है। इसी तरह, असमिया और मलयालम जैसी भाषाएं अपनी साहित्यिक और सांस्कृतिक गहराई के लिए जानी जाती हैं। आजकल महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध हो रहा है। ये दुखद है। वे इस बाबत महाराष्ट्र के संत नामदेव का उदाहरण देते हैं। वे मूल रूप से महाराष्ट्र से थे। उन्होंने अपने जीवन के करीब दो दशक पंजाब में व्यतीत किए। उनके अनेक दोहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब में हैं। संत नामदेव के नाम पर एक मंदिर भीष्म पितामह मार्ग है। इसे संत नामदेव ट्रस्ट चलाता है। नामदेव ने मराठी के साथ ही साथ हिन्दी में भी रचनाएं लिखीं। आज भी इनके रचित गीत पूरे महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब समेत सारे देश में भक्ति और प्रेम के साथ गाए जाते हैं। संत नामदेव का जन्म सन् 1270 में महाराष्ट्र के जिला सतारा में हुआ। उनके जीवन के साथ अनेक अलौकिक घटनाएं जुड़ी हुई हैं परंतु उन्होंने कभी



भी करामाती होने का दावा नहीं किया। प्रख्यात शिक्षाविद सरिता सक्सेना कहती हैं कि यदि स्कूलों में बच्चों को विभिन्न प्रांतों की भाषाएं पढ़ाई जाएं, तो यह न केवल उनकी भाषाई क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें अन्य क्षेत्रों की संस्कृति, परंपराओं, और जीवनशैली को समझने का अवसर भी देगा। उदाहरण के तौर पर, एक बांग्ला भाषी बच्चा जो पंजाबी सीखता है, वह न केवल भाषा सीखेगा, बल्कि पंजाब के इतिहास, सिख संस्कृति, और वहां के लोकनृत्यों जैसे भांगड़ा को भी समझेगा। इसी तरह, एक हिंदी भाषी बच्चा जो असमिया सीखता है, वह असम के चाय बागानों, बिहू नृत्य, और वहां की प्राकृतिक सुंदरता से परिचित होगा। यह प्रक्रिया बच्चों में एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति और सम्मान विकसित करेगी, जो राष्ट्रीय एकता की नींव बन सकती है। सरिता सक्सेना का कहना है कि जो बच्चे एक से अधिक भाषाएं सीखते हैं, उनकी संज्ञानात्मक लचीलापन, समस्या-समाधान क्षमता और रचनात्मक सोच में वृद्धि होती है। भारत जैसे बहुभाषी देश में, जहां हर कुछ सौ किलोमीटर पर भाषा और बोली बदल जाती है, बच्चों को विभिन्न भाषाएं सिखाने से उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी। उदाहरण के लिए, मलयाली बच्चों को हिंदी पढ़ाने से न केवल उन्हें एक नई भाषा सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह उन्हें उत्तर भारत की संस्कृति और साहित्य से जोड़ेगा। हिंदी, जो भारत की राजभाषा है, देश के कई हिस्सों में संवाद का प्रमुख माध्यम है। मलयाली बच्चे जब हिंदी सीखेंगे, तो वे हिंदी साहित्य के महान कवियों जैसे सूरदास, तुलसीदास और प्रेमचंद की रचनाओं से परिचित होंगे। यह उनके लिए एक नई सांस्कृतिक खिड़की खोलेगा। भारत में क्षेत्रीयता और भाषाई पहचान कई बार सामाजिक तनाव का कारण बनती है। सरदार बलबीर सिंह कहते हैं कि विभिन्न भाषाई समूहों के बीच गलतफहमियां और पूर्वाग्रह अक्सर इसलिए उत्पन्न होते हैं, क्योंकि लोग एक-दूसरे की संस्कृति और भाषा से अपरिचित होते हैं। यदि स्कूलों में बच्चों को कम उम्र से ही विभिन्न प्रांतों की भाषाएं सिखाई जाएं, तो यह एक-दूसरे के प्रति समझ और सहानुभूति को बढ़ावा देगा। उदाहरण के तौर पर, जब एक बांग्ला भाषी बच्चा पंजाबी सीखता है, तो वह न केवल भाषा सीखता है, बल्कि पंजाब की संस्कृति, त्योहारों और जीवनशैली को भी समझता है। बहुभाषी शिक्षा के व्यावहारिक लाभ भी कम नहीं हैं। भारत एक तेजी से वैश्विक होने वाला देश है, जहां नौकरी और व्यापार के अवसर अब क्षेत्रीय सीमाओं से परे हैं। विभिन्न भाषाओं का ज्ञान बच्चों को भविष्य में बेहतर अवसर प्रदान कर सकता है। इसके अलावा, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भी बहुभाषी शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जब लोग एक-दूसरे की भाषा और संस्कृति को समझते हैं, तो वे अधिक आसानी से एक-दूसरे के साथ घुल-मिल सकते हैं। हालांकि विभिन्न प्रांतों की भाषाओं को स्कूलों में पढ़ाने का विचार आकर्षक है।

इसके कार्यान्वयन में कई चुनौतियां भी हैं। सबसे पहले, भारत में शिक्षा का ढांचा पहले से ही जटिल है और कई स्कूलों में संसाधनों की कमी है। विभिन्न भाषाओं को पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जो एक बड़ी चुनौती हो सकती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए कुछ व्यावहारिक कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, स्कूलों में भाषा शिक्षा को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू किया जा सकता है, ताकि छात्र अपनी रुचि के अनुसार भाषा चुन सकें। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां भाषा और संस्कृति लोगों को जोड़ने के साथ-साथ अलग भी करती है, बहुभाषी शिक्षा एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

असुरक्षा
योगेश कुमार सोनी



# दिल्ली से लोग गायब हो रहे और शासन-प्रशासन मौन

देश की राजधानी दिल्ली से एक चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है जिससे हर कोई हैरान व विचलित सा हो गया है। मामला सीधे मानव जीवन से जुड़ा और यह दिल्ली वालों पर प्रहार भी माना जा रहा है। जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क (जिपनेट) के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लगभग 8000 लोग लापता हो गए हैं जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। लापता लोगों में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। हैरानी की बात ये है कि ये संख्या 1 जनवरी से 23 जुलाई तक की है। यानी 7 महीने में करीब आठ हजार लोगों का अब तक पता नहीं चल सका। देश की सबसे सुरक्षित कहे व समझे जाने वाली दिल्ली की यह स्थिति है तो बाकी राज्यों के विषय में सुरक्षा को लेकर सोचना बेमानी सा लग रहा है। चूंकि कैमरों व सुरक्षा से लैस दिल्ली में अपहरणकर्ताओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि यह बेहद आश्चर्य की बात है। पीड़ा तब हुई जब इतनी बड़ी घटना को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से किसी भी नेता व अधिकारी का बयान नहीं आया और यदि मीडिया ने बात करने की कोशिश भी तो किसी ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बीते दिनों पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके के अंतर्गत कुछ पत्रकारों ने भिखारियों के एक अड्डे पर रिपोर्टिंग करनी चाही लेकिन भिखारियों ने उन पर हमला कर दिया। पत्रकारों का उद्देश्य यह था कि जिन बच्चों व लोगों से भीख मंगवाई जाती है आखिर वह कौन हैं और उनकी पहचान क्या है? लेकिन वह अपने मिशन में कामयाब न हो सके। पत्रकारों ने इस मामले की पुलिस में शिकायत की लेकिन पत्रकारों के अनुसार वहां पुलिस भी जाने से डरती है और वह न जाने उन पर कार्यवाही करने में असक्षम क्यों है। दरअसल कुछ पत्रकारों को इस बात का शक है कि जो लोग गायब हो जाते हैं उनसे भीख मंगवाई जाती है व अन्य किसी घिनौने काम करने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह मानव तस्करी का सबसे बड़ा उदाहरण भी है। बहरहाल,यह आंकड़े आने के बाद दिल्ली की जनता में एक भय का माहौल है और इसके बाद लोगों ने यही तय किया है कि अपना व अपने बच्चों की सुरक्षा का स्वयं ही ध्यान दिया जाए तो बेहतर है। चूंकि यहां पुलिस बहुत ज्यादा कुछ नहीं कर पा रही। कारण क्या है, यह तो समझ से परे है लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए चूंकि जिन तंत्रों का प्रयोग करके पुलिस काम कर सकती है उतना स्वयं पीड़ित नहीं कर सकता। कूड़ा चुगने वाले, कबाड़ी वाले या सर्वे के नाम पर आपको सुविधा देने या बिना वजह पानी व बिजली या अन्य किसी की जांच करने वाले लोगों से सावधान रहने की जरूरत है चूंकि सबसे ज्यादा ऐसी घटनाओं को इसी तरह के लोग अंजाम देते हैं। इस तरह के लोग पहले रेकी करते हैं फिर उसके बाद शिकार करते हैं। सीसीटीवी में सबकुछ देखने के बाद भी कुछ न होना बहुत सारे सवाल खड़े कर जाता है। क्या यह गैंग इतना पावरफुल है कि इस पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही या कोई अन्य बड़ा कारण? यह तो अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन इन आंकड़ों के आने के बाद सुरक्षा को लेकर कलई खुल गई। महानगरों में जितनी सुविधाएं हैं लेकिन रहने में उससे ज्यादा रिस्क भी बढ़ता जा रहा है। सिर्फ आंकड़ों की बात करें तो यह प्रत्येक दिन औसतन 35 से अधिक लोगों के लापता होने की गंभीर तस्वीर को उजागर करता है। यह न केवल कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाता है, बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी एक बड़ी बहस को जन्म देता है। यदि उत्तर पूर्वी जिले की बात करें तो कुल 730 मामले दर्ज किए गए, जो दूसरे स्थान पर है। इसके बाद दक्षिण पश्चिम जिले में 717 व दक्षिण पूर्व जिले में 689 और बाहरी जिले में 675 मामले दर्ज किए गए। जिपनेट के मुताबिक द्वारका में 644, उत्तर पश्चिम जिले में 636, पूर्वी जिले में 577 और रोहिणी जिले में गुमशुदगी के 452 ऐसे मामले दर्ज किए गए। मध्य जिले में 363 लोगों का सुराग नहीं मिल पाया है, जबकि उत्तर, दक्षिण और शाहदरा जिलों में क्रमशः 348, 215 और 201 लोग अब भी लापता हैं। इन आंकड़ों से यह तो तय हो जाता है कि पूरी दिल्ली में मानव जीवन पर प्रहार हो रहा है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों पर कई तरह के सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। यदि सवाल सुरक्षा का है तो यहां शासन-प्रशासन को बेहद गंभीर होने की जरूरत है, चूंकि बुनियादी जरूरत भी न मिल सके तो बाकी की उम्मीद कैसे की जाए। किसी भी सरकार व प्रशासन का पहला नियम नागरिकों को सुरक्षा देना है और यदि ऐसा नहीं हो पा रहा है तो यह निराशाजनक स्थिति पैदा करता है, इसलिए ऐसे मामलों में सभी को अपने स्तर पर सक्रियता दिखानी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।


## जिसका भी मनोबल जागा



संकलित
प्रेरणा

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्घ नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धंस गया और फिर धंसता ही चला गया। हाथी के फंसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्घ की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्घ में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**चाइनीज मांझा : खुलेआम बिकती मौत की धार**

हर शहर, हर गली, हर मोहल्ले में, जब बच्चे और किशोर पतंग उड़ाने निकलते हैं तो उनका उद्देश्य केवल आसमान छूना होता है। लेकिन दुर्भाग्य से अब पतंग की यह उड़ान कई बार किसी की जान लेकर ही थमती है। इसका कारण कोई आम धागा नहीं, बल्कि एक जानलेवा उत्पाद है–चाइनीज मांझा। यह मांझा अब केवल पतंगों की डोर नहीं रहा, यह सड़क पर चल रहे आम आदमी की ज़िंदगी का दुश्मन बन चुका है। हर दिन अखबारों में ऐसी खबरें आती हैं कि फलां व्यक्ति की गर्दन मांझे से कट गई, किसी पक्षी के पर मांझे में उलझकर छिल गए, किसी स्कूली बच्चे का गला बुरी तरह घायल हो गया, कोई बाइक सवार अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। आज राह में मौत एक पारदर्शी धागे में लटकी हुई है।
– *विक्रम पटेल, धमतरी*

## ट्रेंड

### कोटि-कोटि नमन



महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और विचारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को उनकी पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन। वे महिलाओं, वंचितों और गरीबों के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत समर्पित रहे। स्वाधीनता के प्रति उनकी अडिग निष्ठा प्रेरणीय है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### रणनीतिक कौशल



यह सवाल करना कि हमारे लड़ाकू विमानों ने नजदीक से हमला क्यों नहीं किया, लंबी दूरी के सटीक हमलों के रणनीतिक कौशल को नजरअंदाज करना है, जिसने हमारे सैनिकों की रक्षा की और यह सुनिश्चित किया कि मिशन सफल रहे।
-एन. बीरेन सिंह, पूर्व सीएम, मणिपुर

### मोदी जी में अंहकार



22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमला हुआ। नेता विपक्ष राहुल गाँधी और मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर विशेष सत्र की मांग की, लेकिन हमें इस पत्र का कोई जवाब नहीं आया। मोदी जी के अंदर इतना अहंकार है कि वह विपक्ष के पत्र का जवाब देना भी जरूरी नहीं समझते।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### राजद की कार्रवाई



क्या राजद अपने विधायक भाई वीरेंद्र पर भी कार्रवाई करेगी, जिन्होंने बाबा साहेब आंबेडकर के आदर्शों के उलट एससी-एसटी समाज के खिलाफ शर्मनाक टिप्पणी की, जान से मारने की धमकी दी।
-तेज प्रताप यादव, पूर्व मंत्री, बिहार

## करंट अफेयर

# रूस, यूक्रेन से 10-12 दिन में युद्ध समाप्त करे: अमेरिका



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोकने के लिए अब सिर्फ 10 से 12 दिन का वक्त दे रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पुतिन को 50 दिन की समयसीमा दी थी। ट्रंप ने 14 जुलाई को कहा था कि अगर सितंबर की शुरुआत तक शांति समझौता नहीं होता तो वह रूस पर अत्यधिक शुल्क लगाएंगे लेकिन सोमवार को ट्रंप ने कहा कि अब वह पुतिन को सिर्फ 10 से 12 दिन का वक्त दे रहे हैं यानी वह चाहते हैं कि सात से नौ अगस्त तक शांति के प्रयासों में ठोस प्रगति हो। ट्रंप के इस कदम के तहत रूस के व्यापारिक साझेदारों पर भी प्रतिबंध और अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने के आसार हैं। ट्रंप ने कहा कि इसकी औपचारिक घोषणा बाद में की जाएगी। समय सीमा घटाने को लेकर ट्रंप ने कहा, 'इंतजार की कोई ठोस वजह नहीं है। हमें कोई प्रगति होती नहीं दिख रही।' स्कॉटलैंड की यात्रा के दौरान ट्रंप ने कहा कि पुतिन को 'समझौता करना होगा। काफी संख्या में लोग मर रहे हैं।' रूस की ओर से इस मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ट्रंप से एक सम्मेलन में जब रूस के राष्ट्रपति से संभावित मुलाकात के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'अब मुझे बातचीत में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है।'

## ऑफ बीट

# स्वस्थ आहार लेने वाले बुजुर्गों को बीमारियां भी धीमी गति से



कल्पना कीजिए कि 70 वर्षीय दो व्यक्ति हैं, दोनों सक्रिय हैं, स्वतंत्र रूप से जीवन व्यतीत करते हैं और जीवन का आनंद लेते हैं। लेकिन अगले 15 वर्षों में, एक व्यक्ति को हृदय रोग, मधुमेह और अवसाद जैसी दो–तीन बीमारियां हो जाती हैं, जबकि दूसरा व्यक्ति अपेक्षाकृत स्वस्थ रहता है। ऐसा क्यों होता है? एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग निरंतर रूप से स्वस्थ आहार लेते हैं, उनमें दीर्घकालिक बीमारियां धीमी गति से विकसित होती हैं, जबकि प्रसंस्कृत मांस, परिष्कृत अनाज और शर्करा–युक्त पेय जैसे असंयमित आहार लेने वाले लोगों में बीमारियां अधिक तेजी से पनपती हैं। इससे विकलांगता, अस्पताल में भर्ती होने और समय से पहले मृत्यु का खतरा बढ़ता है। अध्ययन में हृदय रोग और अवसाद, डिमेंशिया जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर आहार का सबसे मजबूत प्रभाव दिखा। शोधकर्ताओं का कहना है कि स्वस्थ आहार जलन तथा पेट संबंधी कुछ समस्याओं को नियंत्रित कर सकता है। सब्जियाँ, फल, साबुत अनाज और स्वास्थ्य के लिए उपयोगी वसा इस जलन को कम करते हैं, जबकि अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ इसे बढ़ाते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# गिल-विराट सहित इन बल्लेबाजों ने टेस्ट क्रिकेट कप्तानी में डेब्यू करते ही लगाए सर्वाधिक शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी का प्रभाव खिलाड़ी पर पड़ता है। कुछ लोग इसके दबाव में बिखर जाते हैं और उन्हें कप्तानी रास नहीं आती। वहीं, कुछ खिलाड़ी अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। शुभमन गिल ने भी अपनी कप्तानी की डेब्यू सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी में कमाल किया है। इस बीच टेस्ट क्रिकेट इतिहास में कप्तानी में डेब्यू करते हुए सीरीज में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।





### शुभमन गिल (4* शतक)

गिल ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में 700 से अधिक रन बनाए हैं। कप्तानी करते हुए उनकी बल्लेबाजी और बेहतर नजर आई है। यही कारण है कि उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर निरंतर रन बनाने में सफलता हासिल की है। लॉर्ड्स टेस्ट को छोड़कर उन्होंने हेडिंग्ले, एजबेस्टन और मैनचेस्टर टेस्ट में शतक जड़े। दिलचस्प रूप से उन्होंने एजबेस्टन में 269 और 161 रन की पारियां खेलते हुए जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

### गिल ने हासिल की ये उपलब्धि

गिल अब किसी एक टेस्ट सीरीज में 700 से अधिक रन बनाने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय कप्तान बने हैं। उनसे पहले सुनील गावस्कर (732 रन बनाम वेस्टइंडीज) ऐसा कर चुके हैं।

### विराट कोहली (3 शतक)

बतौर कप्तान अपनी पहली टेस्ट सीरीज में 3 शतक लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान विराट कोहली हैं। 2014-15 में ऑस्ट्रेलिया में हुई टेस्ट सीरीज में कोहली ने टेस्ट कप्तानी में पदार्पण किया था और इस बल्लेबाज ने 2 शतक (115 और 141) लगाए थे। उस सीरीज में कप्तान के रूप में उनका दूसरा शतक सिडनी टेस्ट की दूसरी पारी में (147) आया था। उन्होंने उस सीरीज में कुल 4 शतक लगाए (1 धोनी की कप्तानी में) थे।



### ऑस्ट्रेलियाई कप्तानों ने लगाए 3 शतक

केवल 4 अन्य ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने कप्तानी करते हुए अपनी पहली टेस्ट सीरीज में 3 शतक बनाए थे। डॉन ब्रैडमैन ने 1936-37 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 3 शतक बनाए थे। वारविक आर्मस्ट्रांग ने भी 1920-21 में घरेलू एशेज सीरीज में इतने ही शतक बनाए थे। ग्रेग चैपल ने 1975-76 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज 2014-15 में स्टीव स्मिथ ने कप्तानी करते हुए 3 शतक जड़े थे।

## खबर संक्षेप



### कारेनो बस्टा ने लियाम ड्राक्सल को हराया

**टोरंटो।** स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस चैम्पियनशिप में कनाडा के वाइल्ड कार्डधारक लियाम ड्राक्सल को 2-6, 6-4, 6-4 से हराकर जीत के साथ आगाज किया। कारेनो बस्टा ने 2022 में यह टूर्नामेंट जीता था। स्पेन के ही जाउमे मुनार ने कनाडा के डान मार्टिन को 6-3, 6-0 से हराया। आस्ट्रेलियाई क्वालीफायर ट्रिस्टन स्कूलकेट ने ब्राजील के जोओ फोंसेका को 7-6, 6-4 से हराया। अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड ने बेल्जियम के डेविड गोफिन को 6-4, 6-4 से मात दी।

### अश्विन ने झूठी खबर फैलाने वालों को लताड़ा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इस साल सितंबर में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ एशिया कप में मुकाबले खेलेगी। इसको लेकर के सोशल मीडिया में एक खबर वायरल हो रही थी, जिसमें रविचंद्रन अश्विन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के इस फैसले की आलोचना कर रहे थे। अब अश्विन ने इसे झूठी खबर करार दिया है। इसके साथ-साथ उन्होंने ऐसी गलत खबर फैलाने वालों को लताड़ लगाई है। अश्विन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस खबर को झूठा करार दे दिया। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा, 'मुझे इस झूठी खबर से मत जोड़िए। शर्म आनी चाहिए उन लोगों पर जो ये सब फैला रहे हैं।' बता दें कि अश्विन क्रिकेट जगत में अपनी मुखर प्रतिक्रियाओं के लिए पहचाने जाते हैं। वह खेल से जुड़े हर बड़े मुद्दे पर अपनी बात को कहने से नहीं चूकते हैं।

### बेन ने कप्तानी करते हुए बनाया ये बड़ा रिकॉर्ड



**मेनचेस्टर।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में बड़ा रिकॉर्ड बनाया। दरअसल, इस ऑलराउंडर ने भारत के विरुद्ध सीरीज में बल्लेबाजी में 300 से अधिक रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 15 से ज्यादा विकेट हासिल किए। इसके साथ ही वह किसी एक टेस्ट सीरीज में 300+ रन बनाने के साथ-साथ 15+ विकेट हासिल करने वाले पहले इंग्लिश कप्तान बने हैं।भारत के खिलाफ मौजूदा सीरीज में, स्टोक्स ने 7 पारियों में 43.42 की औसत से 304 रन बनाए, जिसमें 1 शतक भी शामिल है। उन्होंने 25.23 की औसत से 17 विकेट भी लिए हैं, जिससे वह अब तक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 1 पारी में 5 विकेट हॉल भी लिया। बता दें कि सीरीज के तीसरे और चौथे टेस्ट में स्टोक्स को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

## इंग्लैंड बनाम भारत का निर्णायक और आखिरी टेस्ट मैच 31 जुलाई से ओवल मैदान में

# मैदान में पिच क्यूरेटर से भिड़े कोच गंभीर बोले-तुम हमें नहीं बताओ कि क्या करना है ?

एजेंसी ▶▶| केनिंग्टन ओवल

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 31 जुलाई से सीरीज का निर्णायक और आखिरी 5वां टेस्ट 'द ओवल' मैदान पर खेला जाना है। फिलहाल सीरीज में 2-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम को सीरीज बचाने ओवल टेस्ट जीतना बहुत जरूरी हो गया है। टीम इंडिया जीत का परचम फहराने अपनी



तैयारियों में जुटी है। इस बीच खबर है कि भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर ओवल के मैदान के पिच क्यूरेटर ली फोर्टिस से नाराज दिखे और दोनों के बीच तीखी बहस भी हुई। बता दें कि इस मैदान के इतिहास में भारतीय टीम ने सिर्फ दो टेस्ट मैच ही जीते हैं वहीं इस मैदान में 45 टेस्ट मैच जीतकर इंग्लैंड टॉप पर है।



### पिच क्यूरेटर के सामने आपा खो बैठे गंभीर

रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर अभ्यास के लिए दी गईं सुविधाओं को लेकर नाराज थे। इसी बात को लेकर के फोर्टिस के सामने अपना आपा खो बैठे। दोनों की बातचीत एक बड़े विवाद में बदल गई। गुस्से में गंभीर ने फोर्टिस को उंगली दिखाते हुए कहा, तुम हमें नहीं बता सकते कि क्या करना है। बता दें कि इससे पहले भी भारतीय महिला टीम के एक मैच के दौरान भी फोर्टिस विवाद का हिस्सा रह चुके हैं।

### अभ्यास के लिए दी गई सुविधाओं से नाखुश थे गंभीर

कथित तौर पर गंभीर केनिंग्टन ओवल में भारतीय टीम को अभ्यास के लिए दी गई सुविधाओं से नाखुश थे और क्यूरेटर के व्यवहार से वे बेहद नाराज हो गए थे। बता दें कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब ओवल के पिच क्यूरेटर फोर्टिस का नाम विवाद में आया हो।

### भारत ने ओवल में जीते हैं केवल 2 टेस्ट मैच

1936 से 2023 के बीच भारत ने द ओवल में 15 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से सिर्फ 2 में उन्हें जीत मिली है और 6 में शिकस्त का सामना किया है। इस बीच 7 मैच ड्रॉ भी रहे हैं। भारत ने इस मैदान पर क्रमशः 1971 और 2021 में अजीत वाडेकर और विराट कोहली के नेतृत्व में जीत हासिल की थी। इंग्लैंड और भारत ने 1979 से 2007 के बीच यहां लगातार 5 मैच ड्रॉ खेले हैं।

### इंग्लैंड 45 मैच इस मैदान में जीतकर शीर्ष पर

रिपोर्ट के अनुसार, 1880 से 2024 के बीच, इंग्लैंड ने ओवल के मैदान पर कुल 106 टेस्ट खेले हैं। मेजबान टीम ने यहां पर 45 टेस्ट जीते हैं और 24 मैच हारे हैं, जबकि 37 मैच ड्रॉ रहे हैं। इस मैदान पर सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड भी इंग्लैंड के नाम ही दर्ज है। मेजबान टीम ने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 903/7 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित की थी।

### इन भारतीय खिलाड़ियों का रहा है अच्छा प्रदर्शन

ओवल में राहुल द्रविड़ सर्वाधिक रन वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। उन्होंने 110 की औसत के साथ 443 रन बनाए थे, जिसमें 2 शतक शामिल हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में केएल राहुल ने यहां 62.25 की औसत से 249 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने द ओवल में भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट (15) लिए हैं। इस मामले में किसी अन्य भारतीय के नाम 10 से ज्यादा विकेट नहीं हैं।

### इन इंग्लिश खिलाड़ियों ने ओवल में किया है कमाल

लियोनार्ड हटन टेस्ट क्रिकेट में द ओवल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने यहां 89.47 की औसत से 1,521 रन बनाए हैं। उनके नाम एक तिहरा शतक (364) भी है। इस बीच जो रूट ने इस मैदान पर 11 टेस्ट में 41.73 की औसत से 793 रन (2 शतक) बनाए हैं। इयान बॉथम ने ओवल में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट (52) लिए हैं।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सात्विक-चिराग मकाऊ ओपन के दूसरे दौर में



एजेंसी ▶▶| मकाऊ

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां मलेशिया के लो हैंग यी और एनजी इंग चियोंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर से जगह बनाने वाले सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशियाई जोड़ी को केवल 36 मिनट में 21-13, 21-15 से हराया। महिला एकल में अनमोल खरब और तस्नीम मीर अपने-अपने क्वालीफिकेशन मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में पहुंच गईं।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

अनमोल ने अजरबैजान की कीशा फातिमा अजाहरा को 21-11, 21-13 से, जबकि तस्नीम ने थाईलैंड की टिडाप्रोन क्लेबीसुन को 21-14, 13-21, 21-17 से हराया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला युगल जोड़ी चीनी ताइपे की लिन जियाओ मिन और पेंग यू वेई की जोड़ी से हारकर पहले दौर में ही बाहर हो गई। पुरुष युगल में डिंगकू सिंह कोंथौजम और अमान मोहम्मद ने हांगकांग के लॉ चेउक हिम और येउंग शिंग चोई को हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।

### सात्विक- चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बीडब्ल्यूएफ पुरूष युगल विश्व रैंकिंग में फिर शीर्ष दस में पहुंच गए। दोनों पिछले सप्ताह चीन ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे जिससे उन्हें तीन पायदान का फायदा मिला।

**अन्य खिलाड़ियों की ऐसी हैं रैंकिंग :** पुरूष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन 54442 अंक के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गए जबकि एच एस प्रणय दो पायदान चढकर 33वें स्थान पर हैं। महिला एकल में उन्नति हुड्डा कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग पर पहुंच गई। सिंधू 15वें स्थान पर बनी हुई हैं।

## वनडे रैंकिंग : मंधाना से ब्रंट ने छीनी बादशाहत, बनीं नंबर वन

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने महिला वनडे खिलाड़ियों की नई रैंकिंग जारी की है, जिसमें टॉप पर बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। भारतीय स्टार ओपनर स्मृति मंधाना को एक पायदान का नुकसान हुआ है। वे अब नंबर-2 पर खिसक गई हैं। उनकी जगह इंग्लैंड की कप्तान नेट साइवर ब्रंट ने नंबर-1 की कुर्सी हासिल कर ली है। दोनों के बीच महज 3 अंकों का ही फासला है। मंधाना जुलाई 2023 से लेकर अप्रैल 2024 और फिर जून से दिसंबर 2024 तक नंबर-1 पर काबिज रह चुकी हैं, लेकिन इस बार उन्हें मामूली अंतर से पीछे हटना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 82 गेंदों पर 102 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर टीम इंडिया को मजबूती दी। इस प्रदर्शन का उन्हें सीधा फायदा मिला और वह आईसीसी विमेंस वनडे रैंकिंग में 10 स्थान की छलांग लगाकर 11वें नंबर पर पहुंच गईं।

### एशियाई कप : भारत महिला टीम ग्रुप सी में जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे के साथ

**नई दिल्ली।**भारत को अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप सी में जापान, पूर्व चैंपियन चीनी ताइपे और वियतनाम के साथ रखा गया है। एक से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाले 12 टीमों के इस टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ मंगलवार को सिडनी टाउन हॉल में आयोजित किये गए, जिसमें भारतीय मिडफील्डर संगीता बासफोर तीन ड्रॉ सहायकों में से एक थीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 12 टीमों को चार-चार टीमों के तीन ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए और बी में ये टीमें हैं शामिल ग्रुप ए में मेज़बान ऑस्ट्रेलिया के साथ कोरिया गणराज्य, ईरान और फिलीपींस शामिल हैं। ग्रुप बी में उत्तर कोरिया, चीन, बांग्लादेश और उज़्बेकिस्तान शामिल हैं। चीन गत विजेता है और वह रिकार्ड 10वां खिताब जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम का अभियान 4 मार्च से : भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार मार्च, 2026 को पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में वियतनाम के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद भारत सात मार्च को इसी मैदान पर जापान से और फिर 10 मार्च को वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम में चीनी ताइपे से भिड़ेगा।

### विश्व चैंपियनशिप में भारतीय तैराकों का निराशाजनक प्रदर्शन

**सिंगापुर।**भारतीय तैराकों का दोहा में चल रही विश्व तैराकी चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा जब कोई भी तैराक अपनी हीट से आगे नहीं बढ़ पाया। अनुभवी साजन प्रकाश अपने पसंदीदा 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 24वें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए। प्रकाश ने 1:59.33 सेकंड का समय लिया। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### टीम इंडिया ने रचा इतिहास, एक सीरीज में बनाए 7 बार 350+ रन

**नई दिल्ली।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान ऐसा विश्व रिकॉर्ड बना दिया जो 148 वर्षों तक अटूट रहा। भारतीय टीम अब टेस्ट इतिहास की पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने एक ही सीरीज में सात बार 350 या उससे अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले यह उपलब्धि (6 बार 350+ रन) अब तक ऑस्ट्रेलिया के नाम तीन बार रही लेकिन भारत ने उसका यह रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में भारत ने आठ पारियों में बल्लेबाजी की है और सिर्फ एक बार 350 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। फिलहाल पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में चार मैचों के बाद इंग्लैंड 2-1 से आगे है, लेकिन बल्लेबाजी के आंकड़ों में भारत पूरी तरह से हावी रहा है।



## सजा काटने के बाद भी दोषी की रिहाई रोकने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

# इस तरह के रवैए से तो हर दोषी जेल में मर जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश कटारा मर्डर के एक मामले में सजा समीक्षा बोर्ड को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने मार्च में 20 साल की सजा पूरी कर लेने के बाद भी एक दोषी को रिहा नहीं करने पर कोर्ट नाराज दिखा। कहा कि अगर यही हाल रहा तो हर दोषी जेल में ही मरेगा। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान को रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने माना कि इस साल मार्च में उसने अपनी 20 साल की सजा पूरी कर ली है। सजा समीक्षा बोर्ड ने यादव के आचरण का हवाला देते हुए उसकी माफी की याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत ने एसआरबी की कार्रवाई पर आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि वह कोर्ट द्वारा पारित आदेश पर कैसे रोक लगा सकता है।

*नीतीश कटारा मर्डर के एक मामले में सजा पर की सुनवाई*

*कोर्ट ने माना वह 20 साल की सजा पूरी कर चुका*



### न्यायिक प्राधिकारी के आदेश को नहीं रोक सकते

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि सजा समीक्षा बोर्ड न्यायिक प्राधिकारी के आदेश को कैसे दबा सकता है? अगर यही रवैया रहा तो हर दोषी जेल में ही मरेगा। क्या यही कार्यपालिका का आचरण है? शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यादव को 20 साल की सजा पूरी होने के बाद रिहा कर दिया जाना चाहिए था।

### एएसजी ने आजीवन कारावास की व्याख्या की

*दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे ने तर्क दिया कि 20 साल की सजा के बाद स्वतः रिहाई नहीं हो सकती। आजीवन कारावास का अर्थ है जीवन शेष रहने तक जेल में रहना। हालांकि, यादव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ मृदुल ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने 9 मार्च 2025 को अपनी सजा पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि यादव को 9 मार्च के बाद हिरासत में रखने का कोई वैध कारण नहीं है। दिल्ली सरकार ने सजा की गलत व्याख्या की है।*

### कानूनी सलाह देने वकीलों को समन जारी नहीं कर सकती जांच एजेंसी

*सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अगर कोई व्यक्ति सिर्फ वकील के तौर पर काम करते हुए आपराधिक मामलों के जांच का सामना करने वाले अपने मुवक्किलों को कानूनी सलाह देता है या उनका प्रतिनिधित्व करता तो जांच एजेंसी उन्हें समन जारी कर नहीं बुला सकता है। हालांकि शीर्ष अदालत ने यह साफ कर दिया है कि कोई अधिवक्ता अपराध करने में अपने मुवक्किल का मदद कर रहा है तो जांच एजेंसी द्वारा समन जारी कर उन्हें बुलाया जा सकता है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईडी सारी हदें पार कर रही है।*





### बालाजी मामले में तमिलनाडु सरकार को लगाई फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार द्वारा पूर्व राज्य मंत्री वी. सेंथिल बालाजी से जुड़े मामलों में 2000 से अधिक लोगों को कथित 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में आरोपी बनाकर मुकदमे में देरी करने के प्रयास पर नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इसे न्यायिक व्यवस्था के साथ पूर्ण धोखाधड़ी बताया और बालाजी से जुड़े सभी लंबित मामलों को शीर्ष अदालत में सूचीबद्ध करने का आदेश दिया और मामले की सुनवाई बुधवार के लिए स्थगित कर दी।

## खबर संक्षेप

### बच्चा पैदा करने पर 1.32 लाख देगी चीनी सरकार



**बीजिंग।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.32 लाख रुपए देने का फैसला किया है। बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को 3600 युआन (करीब 44,000 रुपए) देगी। सरकार ने यह कदम लगातार जन्मदर में हो रही कमी को लेकर उठाया है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पॉलिसी' खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है।

### रूस के हमलों में यूक्रेन में 22 की लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने सोमवार रात को यूक्रेन की एक जेल और एक चिकित्सा केंद्र समेत देश के विभिन्न हिस्सों में हमले किये, जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को धमकी दी थी कि अगर वह नहीं रुका, तो उस पर जल्द ही प्रतिबंध और शुल्क लगाए जाएंगे, हालांकि इसके बावजूद रूस की तरफ से हमले जारी हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने रातभर यूक्रेन पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें, 37 ड्रोन दागे। 32 ड्रोन को मार गिराया।

### आज से जापान की यात्रा पर जाएंगे एडमिरल त्रिपाठी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में बढ़ती ड्रैगन की आक्रामकता के बीच नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के.त्रिपाठी बुधवार से जापान की चार दिवसीय (30 जुलाई से 2 अगस्त तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। भारत-जापान विशेष सामरिक और वैश्विक भागीदारी के तहत समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने का उद्देश्य भी उक्त कवायद से जुड़ा हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि जापान यात्रा में नौसेनाप्रमुख कुछ द्विपक्षीय चर्चाओं में भाग लेंगे। जिसमें जापान की सरकार के अधिकारी जैसे रक्षा मंत्री नाकातानी जेन, उप-रक्षा मंत्री मसुदा काज़ुओ और जापान की मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के प्रमुख यानी चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल अकीरा शामिल होंगे।



### शाह ने संरा में विशेष स्मृति कार्यक्रम में पहले से रिकॉर्ड वीडियो संदेश दिया

# भारत में सहकारिता अब नवोन्मेष और आत्मनिर्भरता का माध्यम

एजेंसी ▶▶ संयुक्त राष्ट्र

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत में सहकारिता अपनी पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ चुकी है और अब यह डिजिटल सेवाओं, ऊर्जा और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेष एवं आत्मनिर्भरता का माध्यम बन गई है। शाह ने सोमवार को 'सहकारिता और सतत विकास : गति बनाए रखना और नई संभावनाएं तलाशने' विषय पर एक विशेष स्मृति कार्यक्रम में पहले से रिकॉर्ड किया गया वीडियो संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत में सहकारिता एक जीवंत और समुदाय-आधारित प्रणाली है जो कृषि से लेकर वित्त, उपभोग से लेकर निर्माण और ग्रामीण सशक्तीकरण से लेकर आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी के माध्यम से डिजिटल समावेशन तक हर क्षेत्र को समाहित करती है।''

उन्होंने कहा कि इसकी अनूठी ताकत इस बात में निहित है कि यह स्थानीय स्तर पर लाभ देती है, साथ ही ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में सम्मानजनक आजीविका का एक सशक्त माध्यम भी बनती है।'' शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम की विषय वस्तु इस बात को दर्शाती है कि सहकारिता की अवधारणा न केवल आज की आधुनिक दुनिया में प्रासंगिक है, बल्कि सतत और समावेशी विकास के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत में सहकारिता अब अपनी पारंपरिक सीमाओं से आगे निकल चुकी हैं और डिजिटल सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, ऊर्जा, जैविक खेती और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेष व आत्मनिर्भरता का माध्यम बन चुकी हैं।''





### 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम

**संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने भारत के राष्ट्रीय विकास में सहकारी क्षेत्र द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला**

शाह ने कहा कि तकनीकी नवोन्मेष आज सहकारिताओं को और अधिक समावेशी बना रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने केन्या और मंगोलिया के स्थायी मिशनों के साथ मिलकर न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' के उपलक्ष्य पर यह कार्यक्रम आयोजित किया। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सहकारिता के सिद्धांत, उनके मूल्य और जन-केंद्रित दृष्टिकोण उन्हें मानव-केंद्रित विकास के सबसे प्रभावशाली मॉडल में से एक बनाते हैं। गौरतलब है कि भारत में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना जुलाई 2021 में हुई थी और अमित शाह देश के पहले सहकारिता मंत्री बने थे। शाह ने बताया कि भारत ने हाल में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की है, जो सहकारी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, अनुसंधान, नवोन्मेष और नेतृत्व विकास के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने भारत के राष्ट्रीय विकास में सहकारी क्षेत्र द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।



### कांवड़ियों की बस ट्रक से जा टकराई, 18 की मौत

**रांची/देवघर।** देवघर झारखंड के देवघर जिले में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां बस और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में 18 कांवड़ियों की मौत हो गई। जबकि 20 लोग घायल हो गए। यह हादसा गोड्डा-देवघर मुख्य मार्ग पर मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया मोड़ के पास हुआ। घटना मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे की है।

■ झारखंड के देवघर में सुबह 5 .30 बजे बड़ा हादसा

### फ्रेंच पीएम बोले- ये डील यूरोप के लिए काला दिन, ट्रंप के टैरिफ दबाव में घुटने टेकना दुखद

**पेरिस(एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपियन यूनियन (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच रविवार को स्कॉटलैंड के टर्नबेरी में हुई ट्रेड डील की फ्रांस ने आलोचना की है। फ्रांस के पीएम फ्रांस्वा बेरो ने इसे ईयू के लिए काला दिन बताया है।

बेरो ने कहा कि ईयू ने राष्ट्रपति ट्रंप के बढ़ते टैरिफ दबाव के आगे घुटने टेक दिए। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि यह दुखद है जब स्वतंत्र देशों का गठबंधन, जो अपने साझा मूल्यों और हितों की रक्षा के लिए बना था, दबाव में झुक जाता है। वहीं, फ्रांस के यूरोपीय मामलों के मंत्री बेंजामिन हदद ने कहा कि यह हालात ठीक नहीं है और ईयू को जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए। फ्रांस के व्यापार मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन ने कहा कि ट्रंप सिर्फ ताकत की भाषा समझते हैं। हमें पहले ही जवाबी कदम उठाने चाहिए थे, तो शायद डील बेहतर होती। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी है।



■ अमेरिका-ईयू ट्रेड डील से फ्रांस-जर्मनी नाराज

#### विदेश मंत्रालय ने खबरों का किया खंडन

### नहीं हुई यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी की सजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को केरल की रहने भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन में होने वाली फांसी की सजा को रद्द किए जाने का दावा करने वाली तमाम खबरों का खंडन किया है। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2017 में यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के आरोप में निमिषा प्रिया को मिली फांसी की सजा रद्द किए जाने का दावा करने वाली खबरें गलत हैं। दरअसल इस मामले को लेकर बीते सोमवार को भारत के ग्रैंड मुफ्ती और सुन्नी नेता कंथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के कार्यालय से एक बयान जारी कर कहा गया था कि मलयाली नर्स जो यमन के नागरिक तलाल अब्दो मेहदी की कथित हत्या के लिए मौत की सजा पर है। राजधानी सना (यमन) में हूती विद्रोहियों द्वारा उसकी इस सजा को रद्द कर दिया गया है।

### एसबीआई बैंक में 10 किलोग्राम सोना और 38 लाख की चोरी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा से 10 किलोग्राम सोना और 38 लाख रुपए नकद लेकर बदमाश फरार हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जब वारदात हुई तो बैंक में सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था। अधिकारी ने आगे बताया कि यह घटना श्री सत्य साईं जिले के थुमकुंटा गांव में हुई। हिंदूपुर उपसंभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) के वी महेश ने बताया कि शनिवार देर रात करीब दो बजे हुई वारदात की इस घटना के बारे में पुलिस को सोमवार को जानकारी मिली। महेश ने बताया कि हिंदूपुर मंडल की थुमुकुंटा एसबीआई शाखा से 38 लाख रुपए नकद और 10 किलोग्राम सोना चोरी हो गया। अधिकारी के अनुसार, संदेह है कि चोर बैंक में करीब दो घंटे रहे। महेश के अनुसार बैंक की सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति बैंक में आता दिख रहा है। बाद में किसी ने निगरानी फुटेज प्रणाली को तोड़ दिया और पुलिस को संदेह है कि अन्य लोग बाद में आए होंगे।

*ईडी ने पूछे सवाल तो लड़खड़ाने लगी छांगुर की जुबान, जवाब देने में बाबा करने लगा इधर-उधर*

# धर्म परिवर्तन क्यों करवाते थे? किसी 'राजनेता' से मिलीभगत तो नहीं?




एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में जबरन धर्मांतरण कराने के आरोप में गिरफ्तार छांगुर बाबा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। लखनऊ में उसे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी की टीम उसे कस्टडी रिमांड पर लेकर चली गई थी।

ईडी ने उससे अवैध धर्मांतरण और देश विरोधी गतिविधियों को लेकर कई सवाल किए गए। छांगुर का ईडी के सवालों से सामना हुआ तो उसकी जुबान लड़खड़ाने लग गई। सूत्रों के अनुसार छांगुर ईडी के सवालों का जवाब नहीं दे पा रहा।

### ईडी ने पूछे ये सवाल

**सवाल:** तुम्हारे पास इतने पैसे विदेशों से क्यों भेजे जाते थे, इन पैसों का क्या करते हो?
**जवाब:** दीन और इस्लाम प्रचार में बहुत पैसे खर्च होते हैं साहब, बाकि मेरे पैसे जो भी आए वो इस्लाम और इसके प्रचार-प्रसार के लिए ही चंदे के तौर पर आए हैं।
**सवाल:** धर्म परिवर्तन क्यों करवाते थे? इसके पीछे क्या मकसद था?
**जवाब:** कोई मकसद नहीं था मेरा, मैंने सिर्फ इस्लाम के प्रचार-प्रसार का काम किया है। कोई अपने मन से ही धर्म परिवर्तन करना चाहता है तो मेरी कोई गलती नहीं है, मैंने कभी ये सब काम पैसो के लिए नहीं किया न ही कभी किसी का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया।
**सवाल:** क्या दूसरे देशों से भी तुम्हे इंस्ट्रक्शन मिलता था इस्लाम के प्रचार के लिए?
**जवाब:** मैं निर्दोष हूं, मैं जो करता था सिर्फ अल्लाह के दिखाए मार्ग पर काम करता था।
**सवाल:** क्या जो तुमने संपत्ति बनाई है क्या उसकी इनकम टैक्स को जानकारी दी है?
**जवाब:** ये मेरी संपत्ति है, मैंने किसी की संपति नहीं हड़पी। लोगो ने दीन के प्रचार के लिए दिया है इस पर सरकार और इनकम टैक्स का कोई हक नहीं है।
**सवाल:** देश विरोधी गतिविधियों में भी इन पैसों का उपयोग किया है तुमने?
**जवाब:** मैं निर्दोष हूं, कोई गलत काम कभी नहीं किया है।
**सवाल:** तुमने ये पैसा कहां कहां खर्च किया? इस सवाल पर छांगुर कुछ नहीं बोला। ईडी ने बैंक स्टेटमेंट की पूरी फाइल रखी और एक-एक रुपए के बारे में पूछा। छांगुर इन पैसों के बारे में नहीं बता पाया।
**सवाल:** क्या तुमने विदेश में भी कोई संपत्ति खरीदी है या पैसा भेजा है?
**जवाब:** इसका कोई माकूल जवाब नहीं दिया है।
**सवाल:** क्या किसी राजनेता, सरकारी अफसर या व्यापारी से मिलीभगत है तुम्हारी?
**जवाब:** छांगुर ने कुछ लोगों का नाम बताए जो छांगूर के अच्छे संपर्क में थे। दरख्वास्त करता था।
**सवाल:** नेपाल में तुम्हारा नेटवर्क क्या है?
**जवाब:** मुझे नहीं पता हवाला के पैसों के बारे में, रकम सिर्फ चंदे के तौर पर ली जाती थी।
**सवाल:** तुम भारत में मुस्लिम राष्ट्र स्थापित करना क्यों चाहते थे?
**जवाब:** मैं सिर्फ दीन और अल्लाह की बात करता हूं, उनके दिखाए मार्ग पर चलता हूं। मैं बेकसूर हूं।




### युद्ध रणनीतियों व आधुनिक प्रणालियों के अनुरूप सेना ने किया शक्ति प्रदर्शन

# एआई-'सेंसर-टू-शूटर' के साथ दिव्य दृष्टि अभ्यास सफल

**अभ्यास सेना की स्वदेशीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम और 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' जैसे प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भविष्य के युद्ध परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय सेना ने पूर्वी सिक्किम के ऊंचाई वाले क्षेत्र में 'दिव्य दृष्टि' नामक एक उन्नत तकनीकी अभ्यास आयोजित किया। सैन्य अभ्यास में उन्नत तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन और 'सेंसर-टू-शूटर' क्षमताओं का सफल परीक्षण किया गया।

रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि इस अभ्यास के दौरान सेना ने वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में आधुनिक प्रणालियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया।

#### 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना साकार



'दिव्य दृष्टि' अभ्यास को 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' जैसे प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप माना जा रहा है। यह अभ्यास भारतीय सेना की स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो तकनीकी आधुनिकीकरण को नई दिशा प्रदान करेगा। यह अभ्यास भारतीय सेना की तकनीकी परिवर्तन और आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना और सेना के 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' रोडमैप के अनुरूप है।

#### सूचनाएं तेजी से भेजी गई

इस अभ्यास की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता एआई-सक्षम सेंसरों और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों का प्रयोग था, जिसके चलते कमांड सेंटर्स के बीच सूचनाओं का त्वरित और सुरक्षित आदान-प्रदान संभव हो सका। इससे निर्णय लेने की गति और सटीकता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। 'सेंसर-टू-शूटर' तंत्र को भी इससे काफी मजबूती मिली है।

### थाईलैंड-कंबोडिया में संघर्ष विराम के प्रभावी होने को लेकर विवाद

सुरिन (थाईलैंड) (भाषा)। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच मंगलवार को यह अस्पष्टता रही कि क्या दोनों देशों के बीच संघर्षविराम सच में लागू हो पाया है या नहीं क्योंकि एक दिन पहले ही दोनों देशों के नेताओं ने मलेशिया में बैठक कर संघर्ष रोकने पर सहमति जताई थी। थाईलैंड की सेना ने दावा किया कि कंबोडिया ने मध्य रात्रि को संघर्ष विराम लागू होने के बाद कई क्षेत्रों में हमले किए जबकि कंबोडिया ने कहा कि किसी भी स्थान पर गोलीबारी नहीं की गई है। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन और थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथाम वेचायाचाई ने दोनों देशों की सीमा पर पांच दिन से जारी संघर्ष के बाद सोमवार को तत्काल और बिना शर्त' संघर्ष-विराम करने पर सहमति जताई थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25